हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026



CHAITANYA
GREENS

ONE FESTIVE SEASON.
THREE GIFTS.

GST ON US
SAVE ₹9 LAKH
MODULAR KITCHEN

11 HOMES ONLY.
COUNTDOWN STARTS TODAY.

2&3 BHK
STARTING FROM
35 LAKHS* TO 76.6 LAKHS*

Khanna

SADDU, RAIPUR | 847-0077-222

Rera No. - PCGRERA080219000915
https://rera.cgstate.gov.in



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

हरिभूमि-आईएनएच का 'कृषि संवाद' आज, जुटेंगे कृषि क्षेत्र के दिग्गज

कृषि मंत्री से लेकर वैज्ञानिकों, अधिकारियों उद्योगपतियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों तक की होगी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी की तस्वीर बदलने, किसानों की आय बढ़ाने और कृषि आधारित उद्योगों को नई दिशा देने के उद्देश्य से हरिभूमि-आईएनएच मीडिया समूह का कॉन्क्लेव कृषि संवाद 2026 शनिवार को होगा। इसमें प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, एग्रो इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, किसान संगठनों के पदाधिकारी और प्रगतिशील किसान एक मंच पर जुटेंगे। इस आयोजन में कृषि क्षेत्र की मौजूदा ⏭ शेष पेज 5 पर

खेती से उद्योग तक साझा मंच

'कृषि संवाद 2026' का उद्देश्य कृषि से जुड़े विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाकर नीतियों, तकनीक, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के बीच बेहतर समन्वय की संभावनाएं तलाशना है। आयोजन में किसानों के अनुभवों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रशासनिक योजनाओं और उद्योग जगत की जरूरतों को एक साथ रखकर प्रदेश के कृषि क्षेत्र के लिए आगे की राह पर मंथन किया जाएगा।

बालोद के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध, उद्योग और कृषि क्षेत्र में काम होंगे : उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

हरिभूमि -आईएनएच के जिला संवाद में डॉ हिमांशु द्विवेदी के सवालों का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दिया जवाब

छत्तीसगढ़ में साय सरकार के ढाई साल पूरे होने पर बालोद में हरिभूमि - आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद में प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले के विकास, कृषि, उद्योग और किसानों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बालोद के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने हरिभूमि - आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के सवालों के जवाब दिए।

सवाल - बालोद के प्रभारी मंत्री हैं लेकिन बस्तर इतना भा गया, कैसे?

जवाब :– सही मायने में मैं बस्तर का प्रभारी और बालोद का आभारी हूं। बस्तर जाना जरूरी है क्योंकि बस्तर की जरूरतें ही वैसी हैं। प्रभारी मंत्री को दो दिन महीने में एक बार आना या प्रशासनिक बैठकें कर लेना होता है लेकिन बालोद के लिए मैं हमेशा उपलब्ध हूं।



सवाल - विधानसभा चुनावों में बालोद में हार की हैट्रिक? बालोद की पहेली क्या है ?

जवाब – नई सरकार में जनता के मन में हमारे प्रति विश्वास बढ़ा है और मुझे भरोसा है बदलाव जरूर आएगा। विकास के मामले में राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समान रूप से योगदान दिया है और सरकार के इन कार्यों पर जनता अपना आर्शीवाद जरूर देगी।

सवाल - बालोद में राजनीतिक दल के रूप में अपने दल की चुनौती कैसे देखते हैं?

जवाब – जो कमियां है उन्हें खोज लिया गया है। निःसंदेह बालोद में परिवर्तन होगा।

सवाल - दल्लीराजहरा उजड़ रहा है, यहां का विकास रुका हुआ है?

जवाब – डॉ रमन सिंह के बाद भूपेश सरकार को बालोद क्षेत्र का समर्थन रहा लेकिन यहां काम नहीं ⏭ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

जलवायु संकट के लिए यूरोप बड़ा जिम्मेदार : गोयल

बर्लिन। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को जलवायु संकट के लिए यूरोप को बड़ा जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17% आबादी है लेकिन कार्बन उत्सर्ज में योगदान 3% से भी कम है। गोयल ने जर्मनी में बर्लिन ग्लोबल डायलॉग कार्यक्रम में कहा कि भारत की तुलना में यूरोप का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन 7 से 8 गुना ज्यादा है। गोयल ने कहा, इस पूरी गड़बड़ी के लिए सबसे पहले कौन जिम्मेदार है? ओजोन परत को नुकसान कहां से पहुंचा? किसने वातावरण में इतना सारा कार्बन छोड़ा?

शिवाजी टर्मिनस की छत गिरी, 2 यात्री घायल

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर छत का एक हिस्सा गिरने से 2 यात्री घायल हो गए। हादसा गुरुवार रात करीब 10 बजे बुकिंग हॉल के प्रवेश द्वार के पास हुआ। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रेलवे लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (आरएलडीए) के निर्माण कार्य के दौरान छत का हिस्सा गिरा। यह काम स्टेशन के पुनर्विकास प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है।



दिल्ली : 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली के तीन स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी वाले ईमेल मिले। इसके बाद अधिकारियों ने स्कूलों में तलाशी अभियान शुरू किया। धमकी पाने वाले स्कूलों में लोधी एस्टेट का सरदार पटेल विद्यालय, रोहिणी का वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल और मयूर विहार का सालवान पब्लिक स्कूल शामिल हैं। दिल्ली फायर सर्विस की टीमें सूचना मिलते ही स्कूलों में पहुंचीं। एहतियात के तौर पर स्कूल परिसरों को खाली करा दिया गया। अब तक की तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड, दमकल विभाग और पुलिसकर्मी जांच कर रहे हैं।

नक्सलवाद जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए समाज की एकजुटता जरूरी : द्रौपदी मुर्मू

मुरिया दरबार से निकले समाधान खुशहाली लाते हैं, इसे कायम रखना जरूरी: राष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक व्यवस्था की सराहना

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐतिहासिक दशहरा के मुरिया दरबार में आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपरा, सामाजिक व्यवस्था और सामूहिक निर्णय प्रणाली की सराहना करते हुए इसे कायम रखने का आह्वान किया।

खास खबर

उन्होंने कहा कि आपसी विवाद के कोर्ट में निपटारे में वर्षों लग जाते हैं इसलिए जहां संभव हो और कानून के अनुरूप हो, वहां समाज के लोग आपसी बातचीत, सहमति और पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था के माध्यम से विवादों का समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने मुरिया दरबार की इस ऐतिहासिक परंपरा को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा, मैं भी आप लोगों में से एक हूं। मैं भी इसी आदिवासी संस्कृति और परंपरा से आती हूं। मेरे दादाजी पिताजी और भाई मांझी थे। मैं एक मांझी की बेटी ⏭ शेष पेज 5 पर

कोर्ट कचहरी से सालों लग जाते हैं, लेकिन सामाजिक व्यवस्था में त्वरित निर्णय

राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक न्यायिक व्यवस्था में समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस, थाना और न्यायालयों का सहारा लिया जाता है। कई मामलों में न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया लंबी हो जाती है और इसमें समय तथा धन दोनों खर्च होते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विवादों के समाधान में 10-20 या 30 वर्ष तक लग जाते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के अलग-अलग दायित्व हैं, जबकि आदिवासी समाज की पारंपरिक व्यवस्था में मांझी सामाजिक नेतृत्व, विवाद समाधान और सामुदायिक निर्णयों से जुड़ी अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं।



राष्ट्रपति ने मांझियों को बोलने के लिए कहा

राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन से पहले सामने बैठे लाल और नीली पगड़ी पहने मांझियों को अपनी बात रखने को कहा। इस पर बलराम मांझी ने मुरिया दरबार में उनके आने पर समूचा बस्तर गौरवान्वित होने की बात कही। वहीं नक्सलवाद खत्म होने से विकास तेज होने के विचार रखे। फरसपाल के अर्जुन मांझी, हमीरगढ़ के शशिभूषण मांझी और किलेपाल के गंगाधर मांझी ने भी अपने विचार व्यक्त कर बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति के प्रति कृतज्ञता जताई। दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप ने भी संबोधित किया।

माओवाद से मुक्त होकर नवनिर्माण की दिशा में बढ़ रहा है बस्तर: साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का माँ दंतेश्वरी की पावन भूमि जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा उत्सव में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष बस्तर दशहरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि एक ओर राष्ट्रपति की गरिमामय उपस्थिति से उत्सव की प्रतिष्ठा बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर बस्तर हिंसक माओवाद से मुक्त होकर नवनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बस्तर की समृद्धि और विकास के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने विस्तार से बस्तर के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।

सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

मासूम के हत्यारे को फांसी की मांग को लेकर चक्काजाम और चौकी का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी को जंगल से गिरफ्तार कर जैसे ही पुलिस चौकी लेकर पहुंची लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और आरोपी को फांसी दी जाने की मांग को लेकर सड़क पर पेड़ गिराकर चक्काजाम कर दिया गया। कुछ देर बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया लेकिन आक्रोश कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर रजगामार चौकी का घेराव कर दिया और घंटों हंगामा होते रहा। जिसके बाद ⏭ शेष पेज 5 पर

12 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि रजगामार क्षेत्र से नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। लगातार सर्चिंग के दौरान 22 अक्टूबर को रजगामार पुरानी बस्ती के पीछे पुराने ईंट-भट्ठे के समीप जंगल में बालिका का शव बरामद हुआ। जांच के दौरान प्रकरण में धारा 103(1), 66 बीएनएस एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 जोड़ी गई। सीसीटीवी फुटेज, लास्ट सीन थ्योरी एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही अमित चौहान की पहचान कर तलाश ⏭ शेष पेज 5 पर

हिदायतुल्ला, कोलंबिया विवि में हॉस्टल फीस 55 नर्सिंग में 20 हजार, मेडिकल कालेजों में 2.5 लाख!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि की खबर का असर, समिति ने रिम्स को दिया आदेश, हास्टल अनिवार्य नहीं होगा

उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले को हिदायतुल्ला, कोलंबिया जैसे प्राइवेट विश्वविद्यालयों में हॉस्टल की फीस 50 से 55 हजार के बीच है। वहीं नर्सिंग कराने वाले कालेज 20 हजार रुपए तक लेते हैं। वहीं प्राइवेट मेडिकल कालेज इसका हर साल छात्रों से ढाई लाख रुपये तक वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं, कैम्पस में ही हास्टल तक जाने के लिए ट्रांसपोर्ट के नाम पर ढाई लाख अलग से लिए जा रहे हैं। फीस ⏭ शेष पेज 5 पर

खबर का असर



किस शिक्षण संस्थान की कितनी फीस

नर्सिंग हॉस्टल	6 से 15 हजार सभी सुविधा वाले
एचएनएलयू	48 से 50 हजार के लगभग
कलिंगा विवि	82 से 2.16 लाख सालाना के करीब
कोलंबिया विवि	55 से 60 हजार के लगभग

खबर का असर: एएफआरसी ने लगाई रोक

मामला गरमाने और हरिभूमि द्वारा लगातार मुद्दा उठाने के बाद प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति ने इन कालेजों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एएफआरसी के अध्यक्ष डा. शिव कुमार पांडे ने पत्र लिखकर प्रायवेट मेडिकल कालेज के डीन को निर्देशित किया ⏭ शेष पेज 5 पर

दब गया था मामला

इस मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी भी संदेह के घेरे में हैं। शासन ने सालभर पर इस तरह की शिकायतों के आधार पर इन मेडिकल कालेजों पर जुर्माना लगाया था। साथ ही की गई अतिरिक्त वसूली को छात्रों को वापस करने का आदेश दिया था। इसमें जिक्र था कि निर्धारित अवधि में इसका पालन नहीं होने पर कालेजों की मान्यता रद्द की जा सकती है। इस आदेश को विभागीय स्तर पर दबा दिया गया और कालेजों ने अपनी वसूली धड़ल्ले से जारी रखा।



उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में चल रहा अनूठा अभियान

'ब्रिज ग्राफ्टिंग' तकनीक का इस्तेमाल कर पेड़ों के पोषण प्रवाह को पुनर्जीवित करने की पहल

3500 पेड़ों की 'छाल' खींची, इलाज के लिए आए कर्नाटक के ट्री डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में इन दिनों एक अनूठा और बेहद संवेदनशील अभियान चलाया जा रहा है। यहां के करका वन क्षेत्र में मानवीय व असामाजिक करतूतों के कारण 'गर्डलिंग' (पेड़ के चारों ओर की छाल काटकर उसे सूखाने की साजिश) का शिकार बने 3,500 से अधिक पेड़ों को नया जीवन देने के लिए युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया है। इन मूक पेड़ों की ⏭ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि फॉलोअप

क्या है 'गर्डलिंग और क्यों है यह जानलेवा?

वन विभाग की शुरुआती जांच और क्षेत्र निरीक्षण में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ था कि करका जंगल क्षेत्र के करीब 3,500 से अधिक पेड़ों को सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाया गया है। इनमें पर्यावरण और जैव विविधता के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण साल, बीजा और तेंदू जैसे विशाल पेड़ शामिल हैं। गर्डलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पेड़ के तने के चारों तरफ की छाल को छीलकर या काटकर अलग कर दिया जाता है। इससे पेड़ के ऊपरी हिस्से (पत्तियों) में बनने वाले आवश्यक पोषक तत्व और जल का प्रवाह जड़ों तक पहुंचना पूरी तरह बाधित हो जाता है। समय पर इलाज न मिलने पर धीरे-धीरे पेड़ अंदर से सूखकर दम तोड़ देता है।

10 साल में 1.25 लाख पेड़ों पर संकट, तिल-तिल कर मर रहे पेड़ों का ट्री डॉक्टर करेंगे इलाज



मिलेगा विशेष तकनीकी प्रशिक्षण

ट्री डॉक्टर विजय निशांत इस अभियान के दौरान स्थानीय वनकर्मियों और मैदानी अमले को प्रशिक्षित भी कर रहे हैं। उन्हें पेड़ों की सर्जरी, उपचार के बाद उनकी देखभाल, और नियमित निगरानी के गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि भविष्य में आपदा से निपटने स्थानीय टीम सक्षम बन सके।

'ब्रिज ग्राफ्टिंग' तकनीक का होगा उपयोग

सूखने की कगार पर पहुंच चुके इन पेड़ों को बचाने के लिए ट्री डॉक्टर विजय निशांत 'ब्रिज ग्राफ्टिंग' जैसी उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत क्षतिग्रस्त हिस्से के ऊपर और नीचे जीवित ऊतकों के बीच एक वैकल्पिक संपर्क स्थापित किया जाता है, ताकि जड़ों और तने के बीच पोषक तत्वों का रुका हुआ प्रवाह फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके।

यात्रियों को परेशानी : दीपावली और छठ के बाद 50 ट्रेनें दिसंबर तक रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दीपावली और छठ के बाद रेल प्रशासन ने एक साथ हावड़ा से बिलासपुर होकर रायपुर, नागपुर से मुम्बई के बीच चलने वाली 50 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के पहियों को दिसम्बर माह तक रोकने का आदेश जारी कर दिया है। इसके कारण दिसम्बर माह में पड़ने वाली शीतकालीन छुट्टी के दौरान घूमने फिरने जाने वाले लाखों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दीपावली और छठ पर्व के बाद दिसम्बर माह में बच्चों की शीतकालीन छुट्टियां शुरु हो जाती है, इस दौरान परिजन भी अपने बच्चों के साथ बाहर आना-जाना करते हैं। हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों में भीड़ अधिक होने के कारण लोग दो माह पहले ही बुकिंग करते हैं, ताकि कंफर्म बर्थ के साथ आरामदायक सफर भी हो सके। वहीं चक्रधरपुर रेल मंडल के झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित ट्रेनों का परिचालन 27 नवम्बर से लेकर 17 दिसम्बर तक अलग-अलग तिथियों में रद्द किया गया है। इसके अलावा 28 नवम्बर, 5 एवं 7 से 14 दिसम्बर तक योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, अंगुल, कटक के रास्ते पुरी जाएगी। वहीं 6 से 15 दिसम्बर तक पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक, अंगुल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब के रास्ते योगनगरी ऋषिकेश तक चलेगी।



इसके अलावा 28 नवम्बर, 4 से 15 दिसम्बर तक आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त होगी तथा राउरकेला-दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी। 29 नवम्बर तथा 5 से 16 दिसम्बर तक दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा दुर्ग-राउरकेला के मध्य रद्द रहेगी। वहीं 14 दिसम्बर को पुणे से रवाना होने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 2 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दो साल से चल रहा काम : पिछले दो साल से दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल में अधोसंरचना और अन्य कार्यों की वजह से नॉन इंटरलाकिंग और इंटरलाकिंग के कारण ब्लॉक से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से होकर चलने वाली 200 से अधिक पैसेंजर, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के रद्द होने की वजह से हजारों की संख्या में यात्री हलाकान हो चुके हैं।

रद्द होने वाली ट्रेनें

29 नवम्बर एवं 1 से 16 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी- टाटानगर एक्सप्रेस। 26 नवम्बर 3 व 12 दिसम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा–पुणे दुरंतो एक्सप्रेस। 28 नवम्बर, 5 व 14 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस। 28 नवम्बर तथा 5, 8 व 12 दिसम्बर को चर्लपल्ली से चलने वाली 17007 चर्लपल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस। 1, 8, 11 एवं 15 दिसम्बर को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस। 4, 5 तथा 7 से 15 दिसम्बर तक टाटा से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस। 5, 6 तथा 8 से 16 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस। 0 5 एवं 12 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस। 0 7 व 14 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस। 0 7 एवं 14 दिसम्बर को तिरुपति से चलने वाली 17433 तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस। 0 10 एवं 17 दिसम्बर को रक्सौल से चलने वाली 17434 रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस। 0 5 एवं 12 दिसम्बर को मालदा टाउन से चलने वाली 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस। 0 7 एवं 14 दिसम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस। 0 5 एवं 12 दिसम्बर को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस। 0 8 एवं 15 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस। 0 9 दिसम्बर को रानी कमलापति से चलने वाली 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस। 0 10 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस। 0 7 एवं 11 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस। 0 9 एवं 13 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस। 0 5 एवं 12 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस। 0 8 एवं 15 दिसम्बर को भुज से चलने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस। 0 9 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस। 0 10 दिसम्बर को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस। 0 9 दिसम्बर को गया से चलने वाली 22358 गया-एलटीटी एक्सप्रेस। 0 11 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 22357 एलटीटी-गया एक्सप्रेस। 0 8 एवं 10 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस। 0 9 एवं 11 दिसम्बर को दुर्ग से चलने वाली 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस। 0 9 एवं 10 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस। 0 11 एवं 12 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस। 0 11 दिसम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस। 0 12 दिसम्बर को बक्सर से चलने वाली 22844 बक्सर-बिलासपुर एक्सप्रेस। 0 11 एवं 12 दिसम्बर को हटिया से चलने वाली 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस। 0 13 एवं 14 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस। 0 10 दिसम्बर को हैदराबाद से चलने वाली 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस। 0 13 दिसम्बर को रक्सौल से चलने वाली 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस। 0 11 दिसम्बर को पोरबंदर से चलने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस। 0 13 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस। 0 11 दिसम्बर को वास्को द गामा से चलने वाली 17321 वास्को द गामा–जसीडीह एक्सप्रेस। 0 14 दिसम्बर को जसीडीह से चलने वाली 17322 जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस। 0 13 दिसम्बर को ओखा से चलने वाली 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस। 0 15 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस। 0 14 दिसम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस। 0 16 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस। 0 12 दिसम्बर को उदयपुर से चलने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस। 0 13 दिसम्बर को शालीमार से चलने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस। 0 7, 14, 15 एवं 16 दिसम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस। 0 8, 15, 16 एवं 17 दिसम्बर को पुणे से चलने वाली 12261 पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस। 0 14 दिसम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस। 0 17 दिसम्बर को अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस। 0 4 दिसम्बर को नांदेड़ से चलने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस। 0 16 दिसम्बर को सांतरागाछी से चलने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस।

खबर संक्षेप

आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स यूनियन (आइसा) अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष शांति बॉण्ड भरने संबंधी पुलिस के नोटिस को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''मैं इस स्तर पर रिट याचिका खारिज कर रहा हूं।'' हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने कार्यवाही के दौरान छात्र नेता को सभी सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में एसईएम को कुछ निर्देश दिए हैं।



चीनी मांझे से गला कटने से महिला की मौत

हुबली। कर्नाटक के हुबली शहर में दोपहिया वाहन से जा रही 38 वर्षीय महिला की गर्दन में चीनी मांझा कथित तौर पर उलझ गया और उससे गला कटने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान विद्या मंजूनाथ गौडर के रूप में हुई है। वह हुब्बली के पुराने इलाके में भारत नगर की निवासी थीं। वह एक अस्पताल में प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में काम करती थीं, घटना तब घटित हुई जब वे काम पर जा रहीं थीं। पुलिस के अनुसार, मांझा कथित तौर पर उनकी गर्दन में उलझ गया, जिससे दोपहिया वाहन पर उनका नियंत्रण छूट गया और वह सड़क पर गिर गईं। उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

हवाई अड्डे पर 8.38 करोड़ का गांजा बरामद

बेंगलुरु। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अलग-अलग घटनाओं में बैंकॉक से आए तीन यात्रियों के पास से 8.38 करोड़ रुपये का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले मामले में बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 12.010 किलो कीमत 4.20 करोड़, दूसरे मामले में बैंकॉक से आए एक यात्री से 8.940 किलो, कीमत 3.13 करोड़ तथा तीसरे मामले में बैंकॉक से आए एक अन्य यात्री के पास से 3 किलो, कीमत 1.05 करोड़ रुपये बरामद किया गया।



दिल्ली हवाई अड्डे पर महिला से करोड़ों की भांग बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आई एक महिला को रोका। दरअसल, उसका ट्रैवल प्रोफाइल संदिग्ध लगा था, जिसके बाद उसे रोका गया। जांच में पता चला कि उसके बैग में 2.99 किलो हाइड्रोपोनिक वीड छिपा हुआ था। यह वीड भांग का एक बहुत ही असरदार रूप होता है, जिसे मिट्टी की बजाय पानी में उगाया जाता है। पकड़ी गई इस वीड की कीमत करीब 2.99 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों ने ड्रग्स को जब्त कर लिया और महिला को भारत के सख्त नारकोटिक्स कानूनों के तहत गिरफ्तार कर लिया।

एसआईआर के खिलाफ 22 दिन में 10 पार्टी-संगठन सड़क पर उतर चुके

दिल्ली में लगे 'ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़' के नारे, लेफ्ट का प्रदर्शन,100 हिरासत में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को 'पीपल अगेंस्ट एसआईआर' गठबंधन ने एक बड़ा विरोध मार्च निकाला। इन लोगों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को तुरंत खत्म करने की मांग की है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार गद्दी छोड़ के नारे लगाए। दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास शुक्रवार को SIR के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पोस्टर लेकर पहुंचे और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन करीब 3 घंटे चला। इस दौरान पुलिस ने 100 से ज्यासदा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

इन संगठनों के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन

यह प्रदर्शन पीपल अगेंस्ट एसआईआर और छात्र संगठन एआईएसए ने बुलाया था। संगठनों ने बंगला साहिब से चुनाव आयोग ऑफिस तक मार्च बुलाया। दिल्ली में एसआईआर वापसी, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर पिछले 22 दिनों में 9 से ज्यादा बार 10 पार्टियां और संगठन सड़क पर उतर चुके हैं। इनमें इंडिया ब्लॉक, सीजेपी, आप, लेफ्ट, एसआईएसए, एसएफआई, एसकेएम और छात्र-नागरिक अधिकार संगठन शामिल हैं।



प्रदर्शन के दौरान जमकर कटा बवाल

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से कई जगह धक्का-मुक्की की। पुलिस ने एक महिला प्रदर्शनकारी को डिटेन किया। फिर उसे गाड़ी में बिठाने की कोशिश की। इस दौरान महिला बाहर निकली तो उसको गले से पकड़कर अंदर घसीट लिया। इसी प्रकार स्टूडेंट विंग की कुछ छात्राएं चेन बनाकर सड़क पर उतरीं। पुलिस ने उन्हें भी खींचकर गाड़ी में बिठाया। प्रदर्शनकारी हिरासत में भी नारेबाजी करते नजर आए।

सीपीआई नेता बोलीं- लोकतंत्र को बचाना है

'पीपल अगेंस्ट एसआईआर' विरोध प्रदर्शन के दौरान सीपीआई नेता एनी राजा ने कहा, हम लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र के धोखाधड़ी भरे तरीकों से देश की रक्षा करने आए हैं। पीपल अगेंस्ट एसआईआर का गठन पिछले हफ्ते ही हुआ है। एसआईआर के विरोध को एकजुट करने के लिए यह मंच बनाया गया है। इसमें नागरिकों, किसान यूनियनों, मजदूर संगठनों और महिला व युवा संगठनों को शामिल किया गया है।

31 अक्टूबर तक अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम

प्रदर्शन को देखते हुए कनॉट प्लेस, नेहरू प्लेस और इनके आस-पास के इलाकों में कई रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने दिल्ली में 31 अक्टूबर तक के लिए अतिरिक्त सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 273 कंपनियां तैनात की गई हैं। राजनीतिक माहौल में बढ़ते तनाव और आगे भी ऐसे विरोध प्रदर्शनों की संभावना को देखते हुए, अधिकारी शांति व्यवस्था बनाए रखने पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

आरटीआई दस्तावेज में खुलासा

चुनाव आयुक्तों की शिकायत के बावजूद अफसर पर एक्शन नहीं

चुनाव आयोग के अफसर मनीष गर्ग के कामकाज के विवाद पर अब नई जानकारी सामने आई है। आरटीआई से खुलासा हुआ है कि दो चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन को अलग-अलग लेटर लिखकर उनके कामकाज की शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरटीआई जवाब में बताया गया, कैबिनेट सचिवालय ने ये शिकायतें चुनाव आयोग की ओर से आधिकारिक नहीं मानीं। सचिवालय का मानना था कि इस स्तर पर कार्रवाई करना उचित नहीं होगा। इसे संवैधानिक संस्था के काम में दखल माना जा सकता है। यह जानकारी आरटीआई एक्टिविस्ट लोकेश के. बत्रा को दी गई। गर्ग पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव आयोग या संबंधित अधिकारियों से चर्चा किए बिना वरिष्ठ अधिकारियों के कामकाज को बदलने वाला आदेश जारी किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों आयुक्तों ने उनके आदेश को पलट दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 30 जुलाई को दोनों चुनाव आयुक्तों ने मनीष गर्ग के काम के बंटवारे से जुड़ा आदेश रद्द कर दिया। साथ ही, निर्देश दिया कि आयोग में किसी बदलाव पर सहमति बनने तक पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी।

पीएम मोदी बोले- समाज को बांटने वाली ताकतों से निपटने के लिए एकजुट होना जरूरी

अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से की बात



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा- "दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। यह ऐसी तकनीक है जो एक वास्तविक दिखने वाले 3D होलोग्राफिक डिजिटल इंसान को पेश करती है।

सतर्क रहना होगा विघटनकारी तत्वों से

पीएम ने आगे कहा, हमें समाज को बांटने वाली तथा विघटनकारी ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना होगा।

चिन्मय मिशन स्थापना के 75 वर्ष : गौरतलब है कि स्वामी चिन्मयानंद का निधन 3 अगस्त 1993 में हो गया था। चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जिसकी स्थापना 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर 3 दिन का आयोजन हो रहा है। यह 25 अक्टूबर तक चलेगा।

मोदी के भाषण की विशेष बातें

पीएम मोदी ने कहा एक समय भारत से बहुत सी मूर्तियां चोरी कर विदेश ले जाई गईं। हम पिछले 12 साल में ऐसी 600 मूर्तियां वापस लाए हैं। देश अब उस राह पर आगे बढ़ रहा है, जिसका सपना हमारे ऋषियों और राष्ट्रभक्तों ने देखा था। वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं: अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं। विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक: मोदी ने कहा- जब भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, जब चिन्मय मिशन भी 100 साल पूरे करेगा। यानी विकसित भारत और चिन्मय मिशन का रास्ता एक है।

भारत-चीन सीमा स्थिति पर बोला विदेश मंत्रालय

चीन के एलएसी पर गश्ती नियम तोड़ने से होता है टकराव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा पर स्थिति को लेकर भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर की टिप्पणियों के बाद विदेश मंत्रालय की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ जाती है, जब चीनी सेनाएं निर्धारित गश्ती पैटर्न से हट जाती हैं। मंत्रालय ने ये भी बताया कि दोनों पक्ष लंबित मुद्दों को सुलझाने और गलतफहमी से बचने के लिए राजनयिक और सैन्य तंत्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मंत्रालय ने कहा- दोनों पक्ष बातचीत कर रहे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, दोनों पक्ष एलएसी



पर लंबित मुद्दों को सुलझाने और गलतफहमी से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य तंत्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों पक्ष सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी से जुड़े इलाकों में अपनी समझ को और बेहतर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है।

जायसवाल ने इन मुद्दों पर भी दी जानकारी

जायसवाल ने बताया कि यमन के तट के पास एक घटना में शामिल नाव पर सवार 14 भारतीय सुरक्षित हैं। भारत ने अपने नागरिकों से यूरोप में विरोध-प्रदर्शन वाली जगहों से दूर रहने को कहा है। यूरोप में भारतीय मिशन वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों के संपर्क में हैं। पिछले एक हफ्ते में सऊदी अरब में फंसे लगभग 3,000 उमराह यात्री लौट आए हैं। बाकियों को लाने के प्रयास जारी हैं।

लक्ष्मी मूर्तियां हो रहीं तैयार...



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में दुर्गा के साथ ही लक्ष्मी पूजन भी बड़ी धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया जाता है जिसके लिए मां लक्ष्मी की मूर्तियां का निर्माण बड़ी तेजी से चल रहा है।

तिब्बत में भूकंप से 16 मृत, जीवितों की तलाश ड्रोन से

बीजिंग/ल्हासा। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में 7.0 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 76 अन्य लोग घायल हो गए, जिसके बाद 12,000 से अधिक निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के बाद चीन ने जिंदा बचे लोगों की तलाश के लिए क्षेत्र में उपग्रह और ड्रोन तैनात किए। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 33 मिनट (स्थानीय समय) पर नागकू शहर की बाकेन काउंटी में आए भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर से भी कम गहराई पर था। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से खबर दी कि अब तक 12,489 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है।

कल सुबह रायपुर पहुंचेंगी भाजपा की प्रदेश प्रभारी

पहले दिन पूर्व सांसद, विधायक और पदाधिकारियों के साथ वन-टू-वन करेंगी स्मृति, कोर ग्रुप की बैठक भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी रविवार को रायपुर पहुंच रही हैं। दो दिनों तक यहां कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में लगातार बैठकें लेंगी। पहले दिन आने के बाद सबसे पहले वह अभनपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

- दूसरे दिन मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद और निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों के साथ संवाद



रेडियो कार्यक्रम मन की बात सुनेंगी। इसके बाद ठाकरे परिसर में सुबह से लेकर रात तक बैठकें होंगी। पहले ही दिन पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व पदाधिकारियों के साथ चर्चा होगी। इसी के साथ रात को अंत में कोर ग्रुप की बैठक होगी। दूसरे दिन मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद और निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों के साथ संवाद होगा। स्मृति ईरानी सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के साथ नई दिल्ली से रविवार सुबह 9.10 बजे नियमित विमान से रायपुर पहुंचेंगी। विमानतल पर उनका भव्य स्वागत होगा। विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक उनका काफिला पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लगेगा। ठाकरे परिसर आने के बाद वह यहां से अभनपुर के लिए रवाना हो जाएंगी। वहां पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद वापस ठाकरे परिसर पहुंचेंगी।

पहले दिन की बैठकें

बैठकों के दौर का आगाज 11.30 बजे से होगा। एक घंटे तक प्रदेश प्रभारी सबसे पहले प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय और अखिलेश सोनी के साथ चर्चा करके पूरी जानकारी लेंगी। 12.30 से 1.30 बजे तक प्रदेश पदाधिकारियों और फिर 1.30 से 2.30 बजे तक संभाग और जिलों के प्रभारियों और सह प्रभारियों के साथ बैठक करेंगी। 3.30 से 5.00 बजे तक दो बार के पूर्व सांसद और विधायकों के साथ लंबी चर्चा होगी। 5.30 से 7.00 बजे तक प्रदेश संगठन के पूर्व पदाधिकारियों के साथ संवाद होगा। अंत में 7.00 से 8.30 बजे तक कोर ग्रुप की बैठक होगी।

दूसरे दिन की बैठकें

दूसरे दिन बैठकों का आगाज 10 बजे विधायकों के साथ होगा। विधायकों के साथ प्रदेश प्रभारी 1.30 घंटे तक चर्चा करेंगी। 11.30 से 12.30 बजे तक सांसदों के साथ बात होगी। 12.30 बजे से 2.00 बजे तक प्रदेश के मंत्रिमंडल के साथ वन टू वन बात होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के सभी मंत्री रहेंगे। 3.00 से 4.30 बजे तक निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी।

इंस्टाग्राम पर विवाद, किशोर की गोली मारकर हत्या

दोनों आरोपी भी किशोर आयु के

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ में गुरुवार रात 17 साल के नैतिक की सेक्टर 22 में एक मंदिर के ठीक बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना तब हुई जब नैतिक अपने 2 साथियों के साथ मंदिर के बाहर एक ऑटो-रिक्शा में बैठा था। उसे तुरंत सेक्टर 16 के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि यह गोलीबारी एक इंस्टाग्राम वीडियो को लेकर हुए झगड़े के कारण हुई। बताया जा रहा है कि नैतिक के ग्रुप ने आरोपियों में से एक को पीटते हुए



एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था, जिसके बाद मामला गरमा गया। दोनों आरोपी भी किशोर हैं और अभी स्कूल में पढ़ते हैं। पुलिस ने बाद में दोनों को हिरासत में ले लिया है। इस हफ्ते चंडीगढ़ में युवाओं की हिंसा से जुड़ी यह दूसरी बड़ी खबर है। इससे युवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

रायपुर
शनिवार 24 अक्टूबर 2026
आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 95
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 22.0

3 किसी एक जॉनर में नहीं बंधना



विचार पेज
2 धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सऊदी के लिए इंडिगो उड़ानें 31 तक रद्द



दुबई। भारतीय विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच सऊदी अरब के लिए अपनी उड़ानों के निलंबित रहने की अवधि बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी है। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'रियाद आने-जाने वाली इंडिगो की उड़ानें 31 अक्टूबर 2026 तक रद्द रहेंगी, जबकि जेद्दा, दम्माम और मदीना आने-जाने वाली उड़ानें 27 अक्टूबर 2026 तक रद्द रहेंगी।'

पंडाल गिरने की घोषणा आरोप में दो गिरफ्तार

कोलकाता। उत्तर कोलकाता में चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल का एक हिस्सा गिरने की घोषणा कर कथित तौर पर अफरा-तफरी फैलाने के आरोप में शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इन गिरफ्तारियों के साथ ही भगदड़ मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक संजीब राहा को बृहस्पतिवार को नादिया जिले से हिरासत में लिया गया था और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

राहुल युवाओं में पॉपुलर इसलिए बदनाम कर रहे

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी ने युवा मतदाताओं में पॉपुलैरिटी हासिल की है। भाजपा को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। थरूर ने एक मीडिया ग्रुप के वर्ल्ड समिट में कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने राहुल गांधी पर ध्यान दिया है, इसलिए वह इस तरह उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रही है।



खाद्य नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने रायपुर के अधिकारियों के साथ दी दबिश

एक्सपायरी दूध से पनीर, गंदगी के बीच बन रहीं मिठाइयां, कुम्हारी की चार फैक्ट्रियों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर-दुर्ग

दुर्ग जिले के कुम्हारी क्षेत्र में खाद्य विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई में गंभीर लापरवाही के मामले में चार संस्थानों पर कार्रवाई की। खाद्य नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ विभिन्न संस्थानों में दबिश दी। नंदनी रोड स्थित मां दुर्गा डेयरी फैक्ट्री में पनीर बनाने के लिए मंगाए गए मदर डेयरी के एक्सपायरी डेट वाले दूध के पैकेट मिले। खुले दूध में मक्खियां और मरे हुए कीड़े पाए गए। वहीं, बैकुंठधाम स्थित मिठाई निर्माण इकाइयों में गंदगी के बीच मिठाइयां बनाई जा रही थीं। पैकेजिंग पर भी जरूरी जानकारियां दर्ज नहीं थीं। विभाग ने संबंधित संचालकों को तैयार माल नष्ट करने और फैक्ट्रियां बंद कर सील करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान टीम सबसे पहले नंदनी रोड स्थित मां दुर्गा डेयरी फैक्ट्री पहुंची। यहां पनीर बनाने के लिए मंगाए गए मदर डेयरी के एक्सपायरी डेट वाले दूध के पैकेट मिले। खुले दूध में मक्खियां और मरे हुए कीड़े पाए गए। खाद्य ⏭शेष पेज 5 पर

- तैयार माल नष्ट करने और फैक्ट्रियां सील करने के निर्देश

खास खबर







गुप्ता लड्डू हाउस में भी मिली गंदगी

इसी क्षेत्र में स्थित गुप्ता लड्डू हाउस में भी निरीक्षण के दौरान गंदगी और अमानक सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत सामने आई। यहां लड्डू और अन्य खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे थे। मिठाइयों के डिब्बों पर निर्माण तिथि और अन्य जरूरी जानकारियां अंकित नहीं थीं। विभाग की टीम ने वनस्पति सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने भी जांच के लिए लिए। संचालक मंजीत को फैक्ट्री बंद करने और तैयार माल नष्ट करने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग की इस ⏭शेष पेज 5 पर

बासी पनीर मिला, गंदगी पसरी हुई थी

फैक्ट्री में तैयार पनीर की कई सिलियां भी बासी मिलीं। पूरे परिसर में गंदगी पसरी हुई थी। लाइसेंस की जांच में सामने आया कि संचालक ट्रेडिंग के लाइसेंस पर मैन्युफैक्चरिंग का काम कर रहा था। इस फैक्ट्री से दुर्ग और भिलाई के होटल, ढाबों और फूड स्टॉल तक पनीर की सप्लाई की जाती है। मामले में खाद्य नियंत्रक ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऋचा धरम को भी सबके सामने फटकार लगाई। फैक्ट्री को आगामी आदेश तक सील करने के निर्देश दिए गए।

मैदा और पाम ऑयल से बन रही थीं मिठाइयां

इसके बाद टीम बैकुंठधाम स्थित पप्पू सिंह की सोनपापड़ी और मैसूरपाक बनाने वाली फैक्ट्री पहुंची। यहां से शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिठाइयों की सप्लाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान मिठाई बनाने से लेकर चाशनी तैयार करने और मिठाइयों की कटाई तक के काम में भारी गंदगी मिली। मिठाई निर्माण के लिए बेसन और तेल की जगह मैदा तथा सस्ते पाम ऑयल का इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई। फैक्ट्री के कमरों में पर्याप्त रोशनी तक की व्यवस्था नहीं थी। मिठाई पैक करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डिब्बों पर निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट, सामग्री और निर्माण स्थल से संबंधित जरूरी जानकारियां दर्ज नहीं थीं। खाद्य विभाग ने तैयार मिठाइयों को नष्ट करने और फैक्ट्री सील करने के निर्देश दिए।

आईटीबीपी डीजी का बड़ा खुलासा

अरुणाचल बॉर्डर में तनाव के हालात, चीन से हुईं झड़पें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच एलएसी पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसको लेकर आईटीबीपी के डीजी शत्रुजीत कपूर ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन के बीच अरुणाचल प्रदेश बॉर्डर पर कई बार फेसऑफ हुआ है और यह अभी भी चल रहा है। इससे पहले भारत और चीन के बीच डोकलाम में भी झड़प हुई थी। उन्होंने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह माना कि जुलाई के अंत से अरुणाचल प्रदेश में ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाके में तनाव बना हुआ है। भारत ने भी सीमा पर अपनी तैनाती बढ़ा दी है।

डोकलाम में भी हुई थी झड़प

भारत और चीन के बीच 2017 में काफी दिनों तक तनाव की स्थिति चली थी। दोनों देशों की सेनाओं के बीच डोकलाम में झड़प हुई थी। हालांकि इसके बाद कुछ समय तक शांति की स्थिति थी, लेकिन फिर तनाव बन गया है। संसद में भी डोकलाम का मुद्दा काफी उठा था। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।

पीएम मोदी इस पर सफाई दें : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को चीन के मुद्दे पर भारत के सामने सफाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में पीएलए के साथ लगातार हो रहे टकराव की आईटीबीपी के डीजी द्वारा पुष्टि, बेहद चिंताजनक है। डोकलाम और गलवान के बाद, क्या एक और गंभीर टकराव की स्थिति बन रही है? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा जवाबदेही मांगती है न कि केवल राजनयिक फोटो-ऑप्स और 'हगप्लोमेसी'।

19 लाख रुपये हड़पने मां-बेटे की हत्या शिक्षिका की सहेली का पति गिरफ्तार

- पहले बाथरूम में गला घोंटकर शिक्षिका को मारा फिर बेटे को राई जंगल में उतारा मौत के घाट
- सीसीटीवी फुटेज से खुला दोहरे हत्याकांड का राज साइबर सेल की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर

शिक्षिका और उसके नाबालिग बेटे की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतिका की शिक्षिका सहेली का पति है। उसने लोन में मिले 19 लाख रुपये हड़पने के लिए वारदात को अंजाम दिया। पहले शिक्षिका की गला घोंटकर हत्या की और फिर उसके बेटे को घुमाने के बहाने ले जाकर मार डाला। शुक्रवार को एसपी योगेश पटेल ने दोहरे हत्याकांड का ⏭शेष पेज 5 पर





मैगी खिलाने के बहाने ले गया

हत्या के बाद आरोपी ने घर व्यवस्थित किया और रजनी की स्कूटी लेकर निकला। बाद में कार से सुजल को घुमाने के बहाने अंबिकापुर ⏭शेष पेज 5 पर

लोन के रुपये बने हत्या की वजह

जांच में पता चला कि आरोपी प्रवेश कुमार की पत्नी और रजनी एक ही स्कूल में शिक्षिका थीं। इसी वजह से आरोपी का रजनी के घर आना-जाना था। आरोपी ने मोटर पार्ट्स व्यवसाय के लिए 20 लाख रुपये का लोन लिया था। उसे पता था कि रजनी को भी 19 लाख रुपये का लोन मिलने वाला है। रुपये खाते में आने की जानकारी मिलने पर उसने हत्या की ⏭शेष पेज 5 पर

एनएच-53 में बड़ा हादसा

सामने चल रहे ट्रक में घुसी कार, बच्ची सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/झलप

शादी समारोह में शामिल होकर घर की ओर लौट रहे परिवार की कार नेशनल हाईवे 53 में हादसे का शिकार हो गई। ओवरटेक करने के फेर में कार बावनकेरा चौक के पास सामने चल रहे वाहन से जा टकराई। वाहन में सवार 5 लोगों में से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं, एक बालिका ने अस्पताल ले जाए जाने के दौरान ⏭शेष पेज 5 पर



कार के परखच्चे उड़े

टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में सना खान (26 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। तस्मिया खान पिता अमीन खान (16 वर्ष) को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी रास्ते में मौत हो गई। हादसे में कार में सवार अन्य तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में से आर्य खान (22 वर्ष) और उजमा खान (35 वर्ष) को महासमुंद जिला ⏭शेष पेज 5 पर

शवों के टुकड़े उड़कर बाहर गिरे, पटाखा बनाते समय विस्फोट, सात की हुई मौत

सीवान। बिहार के सीवान जिले में शुक्रवार को पटाखों में आग लगने से एक मकान में भीषण विस्फोट हो गया। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में शाम साढ़े 5 बजे हुए हादसे में करीब सात लोगों की मौत हो गई। विस्फोट इतना तेज था कि मकान के अगले हिस्से का मलबा सड़क पर जा गिरा। शवों के टुकड़े उड़कर बाहर सड़क पर आ गिरे। मृतकों में एक ही परिवार के पांच लोग पटाखा कारोबारी अमीरुद्दीन, इनकी तीन पोतियां, एक पोता के अलावा दो मजदूर शामिल हैं। सीवान के डीएम विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि अभी तक दो-तीन लोगों के ही शव बरामद किए जा सके हैं। अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। तेज धमाकों की आवाज से दहशत फैल गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।



अब कचरे की चार श्रेणियां, बैटरी, दवा, ट्यूबलाइट ब्लेड अलग रखने होंगे, सूखे कचरे में डालना मना



हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में घरों और दूसरे प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर रखना होगा। इनमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सैनिटरी कचरा और चौथी श्रेणी विशेष देखभाल वाला कचरा शामिल है। खास बात यह है कि बैटरी, एक्सपायरी दवाइयां, सीएफएल, ट्यूबलाइट, पेंट और कीटनाशक के कंटेनर तथा इस्तेमाल किए गए ब्लेड जैसी वस्तुओं को भी अलग रखना होगा। ⏭शेष पेज 5 पर

बगीचे का कचरा और ई-कचरा भी अलग रखना होगा

इन चार श्रेणियों के अतिरिक्त बगीचे की पत्तियां, घास, टहनियां और पौधों की कटाई से निकला कचरा भी अलग प्रबंधन की मांग करता है। इसी तरह निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाला मलबा तथा इलेक्ट्रॉनिक कचरा सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए। मोबाइल फोन, चार्जर, कंप्यूटर, लैपटॉप, टीवी, एयर कंडीशनर, वाशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उपकरणों को उनके लिए निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सौंपना होगा। इलेक्ट्रॉनिक कचरे, जैव-चिकित्सकीय कचरे और निर्माण-मलबे के लिए संबंधित नियमों के तहत अलग प्रबंधन व्यवस्था लागू होती है।

1 करोड़ आवेदन पाने वाला दुनिया का पहला आईपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़ी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ निवेशकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। शुक्रवार इसकी बोली प्रक्रिया खत्म होने से पहले ही आवेदन की संख्या 1 करोड़ के पार पहुंच गई। निवेशकों की इस भारी दिलचस्पी के चलते कंपनी का आईपीओ वैश्विक स्तर पर नया रिकॉर्ड बनाने में सफल हुआ है। इसके अलावा, इश्यू को मिलने वाली कुल मांग भी 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ दुनिया का पहला ऐसा आईपीओ बन गया है, जिसे 1 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड वारी एनर्जीज के नाम था, जिसके आईपीओ ⏭शेष पेज 5 पर



- 18 गुना से ज्यादा बोलियां मिलीं, 20% से ज्यादा का मिल सकता है रिटर्न

1377 रुपए पर हो सकती है शेयरों की लिस्टिंग

लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 23% यानी 258 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी जीएमपी के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 1,119 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (1119+258=1377) 1377 पर हो सकती है।

4 लाख करोड़ से ज्यादा की बोलियां

जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ को कुल 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बोलियां मिलीं। इसमें एंकर निवेशकों की मांग करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये रही। शुक्रवार दोपहर तक आईपीओ कुल 7.93 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। योग्य संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 16.87 गुना और गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी में 10.90 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। खुदरा निवेशकों का हिस्सा भी 2.23 गुना सब्सक्राइब हुआ, जो इसमें उनकी मजबूत भागीदारी दिखाता है।

चिंतन

चीन पर भरोसा नहीं करें सुरक्षा और मजबूत बनाएं

चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय कूटनीति जब-जब बीजिंग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखती है, तब-तब ड्रैगन की आक्रामकता भारत की पीठ में छुरा घोंपने की नई पटकथा लिख रही होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का बयान केवल एक आधिकारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि दिल्ली के नीति-नियंताओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो वार्ताओं की आड़ में चीनी शांति के मुगालते में जी रहे हैं। आईटीबीपी प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि पिछले कुछ महीनों से अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाकों में चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं। तीन उच्चस्तरीय वार्ताओं (डब्ल्यूएमसीसी, विशेष प्रतिनिधि वार्ता और कोर कमांडर स्तर) के ढोंग और द्विपक्षीय मुलाकातों की कृत्रिम गर्मजोशी के बावजूद सरहद पर बंदूकें तनी हुई हैं। इतिहास गवाह है कि बीजिंग का विस्तारवादी चरित्र बातचीत से नहीं सुधरने वाला। भारत के लिए अब आत्मघाती भलमनसाहत छोड़ने का समय आ गया है। चीन पर रत्ती भर भी भरोसा न करें और अपनी सुरक्षा को इतना अभेद्य बनाएं कि दुश्मन आंख उठाने से पहले कांप उठे। वर्ष 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी झड़प ने भारत को यह कड़ा और दर्दनाक सबक दिया था कि ड्रैगन की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। आधुनिक दौर का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-आधारित और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आईटीबीपी द्वारा अपनी आधुनिकीकरण योजना के तहत 4,000 करोड़ रुपये में से 1,000 करोड़ रुपये केवल ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए झोंकना एक सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम है। सबसे पहली प्राथमिकता एलएसी के अग्रिम मोर्चों तक ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के निर्माण को रॉकेट की गति देना है, ताकि आपात स्थिति में भारी हथियारों और सेना की त्वरित तैनाती सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सीमा चौकियों पर अभेद्य भूमिगत ढांचे और बंकरों का निर्माण आधुनिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से हमारे जवानों को लोहे की ढाल प्रदान करेगा। जवानों को दी जा रही नई रणनीतियों वाली 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग और शौर्य कमांडो टीमों का विकास इस बात का खुला एलान है कि भारतीय सेनाएं अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं रहेंगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार करने की क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों के भरोसे न छोड़कर एक त्रिस्तरीय अभेद्य ग्रिड में बदलना होगा। पहला, भारतीय उपग्रहों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके चीन के सैन्य जमावड़े का स्वचालित विश्लेषण कर अग्रिम सूचना हासिल की जाए। दूसरा, 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' को पूरी ताकत से लागू कर सीमावर्ती गांवों से पलायन को तुरंत रोका जाए, क्योंकि स्थानीय नागरिक ही सीमाओं पर देश के सबसे पहले 'सजग प्रहरी' और खुफिया तंत्र होते हैं। तीसरा, चीन की तकनीकी आक्रामकता को पंगु बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी लेजर-आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती को दोगुना करना होगा। चीन द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना और वहां की जगहों के फर्जी चीनी नाम जारी करना उसकी उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसलिए भारत को अपनी सुरक्षा की ढाल को इतना मजबूत और प्रहारक बनाना होगा कि ड्रैगन दोबारा आंख उठाने की हिम्मत भी न कर सके।



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है।

संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा। वर्ष 2014 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 4.7 मिलीमीटर की दर से बढ़ा था लेकिन वर्ष 2024 में इसने पुराना रिकार्ड तोड़ा और 5.5 मिलीमीटर की चौंकाने वाली बढ़ोतरी दर्ज की। दुनिया के वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि सबसे अनुकूल परिस्थिति रहने पर भी इस सदी के अंत तक यानी 2100 तक समुद्र का जलस्तर कम से कम 0.55 मीटर तक बढ़ जाएगा। उस दौरान सबसे गंभीर स्थिति में यह बढ़ोतरी एक मीटर से अधिक तक होगी। ऐसी स्थिति जिनमें एक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के चलते ध्रुवीय बर्फ की चादरों और विशालकाय हिमनदों का तेजी से पिघलना और दूसरा गर्म होते समुद्र के जल का तापीय प्रसार ये प्रमुख कारण हैं। जबकि मानव गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त ऊष्मा का तकरीबन 91 फीसदी हिस्सा महासागर सोख रहे हैं। देखा जाए तो समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी का नुकसान अभी तक सबसे पहले और सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जिनका उत्सर्जन योगदान नगण्य है। जबकि उन देशों के पास संसाधनों की भारी कमी है। गौरतलब है कि प्रशांत महासागर के बहुतेरे छोटे द्वीपों में जलस्तर बढ़ने की दर वैश्विक औसत से दोगुणी से भी ज्यादा है। देखा जाये तो ढाका, मुंबई, कोलकाता जैसे निचले डेल्टा शहरों में 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रत्यक्ष भयंकर खतरा मंडरा रहा है। इससे मियामी, न्यूयार्क, गुआंगझू जैसे तटीय महानगरों को खरबों डालर का वित्तीय नुकसान सहना पड़ेगा। इसमें दो राय नहीं। मौजूदा दौर में दुनिया की लगभग दस फीसदी आबादी यानी करीब 77 करोड़ लोग समुद्र रेखा से पांच मीटर से भी कम ऊंचाई पर रहते हैं। यह बेहद खतरनाक स्तर है। यह भी कि समुद्र की आक्रामक लहरें आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि और पीने के मीठे पानी के कुंओं को खारा बना रही हैं। इससे समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे को अब तक लगभग 1.8 खरब डालर से भी अधिक का नुकसान पहुंच चुका है। यही स्थिति रही तो दुनिया को हर साल 1.4 खरब डालर का नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर समुद्र का बढ़ता तापमान और जलस्तर बढ़ने के साथ उसकी परतों की संरचना बदल रही है, जिससे ज्वार-भाटे की तीव्रता और ऊंचाई प्रभावित हो रही है। इससे तटीय इलाकों पर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ज्वार-भाटा तटीय रेखाओं और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को आकार देते हैं। इसके साथ-साथ वे तटीय समुदायों को भी खासा प्रभावित करते हैं।

> जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा।



इसलिए जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरीय बदलावों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि बदलती समुद्री परिस्थितियां ज्वार-भाटे के स्वरूप को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। हकीकत तो यह है कि वर्ष 1970 से लेकर 2020 तक छोटे द्वीपीय विकास शील देशों ने अबतक कुल मिलाकर जलवायु आपदाओं के चलते 153 अरब डालर का नुकसान उठाया है।

दुनिया के वैज्ञानिक तो तकरीबन एक दशक से भी पहले यह चेतावनी दे चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर ग्लेशियर और तेजी से पिघलेंगे। फिर वहां बर्फ की परतें पहले की अपेक्षाकृत अधिक तेजी से पिघलने लगी हैं जो ज्यादा घातक साबित होंगीं। इससे अधिक कटाव और क्षरण होगा। पिघलते ग्लेशियरों के इस क्षरण से घाटियां और ज्यादा गहरी हो जाएंगीं और समुद्रों में अपेक्षाकृत और ज्यादा गाद जमा होगी। तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर अपने प्रवाह मार्ग की घाटियों और महाद्वीपीय मैदानी क्षेत्रों में अधिक गाद इकट्ठा कर देते हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ध्रुवीय और महाद्वीपीय इलाकों का जहां मिलन होता है, वह संधिक्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। अगर पानी में ज्यादा गाद जमा होगी तो इसका सीधा दुष्प्रभाव जलीय जीवों के पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रोफेसर और शोध प्रमुख मिशेल कोप्पस का कहना है कि हम लोगों ने पाया है कि अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की तुलना में पेंटागोनिया के ग्लेशियर 100 से एक हजार गुणा तेजी से क्षरित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गर्म तापमान और बर्फ के पिघलने के कारण ग्लेशियर के आधार में अधिक फिसलन बनी जिससे उनका तेजी से क्षरण हुआ। इससे पृथ्वी के आकार में बदलाव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। फिर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि धरती को इंसानों और दूसरे जीवों के रहने लायक बनाए रखने वाली प्राकृतिक व्यवस्थाओं पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि धरती की सेहत को मापने वाली नौ अहम सीमाओं में से सात को इंसानी कारगुजारियों ने लांघ दिया है। दरअसल, इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव मंडल में, भूमि के उपयोग में, मीठे पानी और जैव भूरासायनिक प्रवाह में बदलाव, नए मानव निर्मित पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश और समुद्र के अम्लीकरण की अहम भूमिका है। इसका नकारात्मक प्रभाव जंगलों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। जाहिर है कि इससे जंगलों और समुद्रों पर खतरा और गहरा गया है। जिन सीमाओं को इंसान लांघ रहा है, उन्हें 'प्लैनेटरी बाउंड्री' कहा जाता है। ये ऐसी सुरक्षित सीमाएं हैं जिनके अंदर रहकर धरती का पर्यावरण स्थिर और जीवन के लिए अनुकूल बना रह सकता है। जब इंसानी गतिविधियों से यह सीमाएं तोड़ी जाने लगती हैं, तब जलवायु, पानी, जंगल, समुद्र और जीव-जंतुओं पर खतरा बढ़ जाता है। इसका खुलासा जर्मनी की पोट्सडैम इंस्टीट्यूट आफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की प्लेनेटरी हैल्थ चेक की रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट का संदेश गंभीर है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि धरती तुरंत खत्म हो जाएगी। इस बाबत वैज्ञानिकों का मानना है कि लांघ गई सीमाओं को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए अभी भी कार्रवाई की गुंजाइश मौजूद है। सभी प्लेनेटरी बाउंड्री को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए तेज कदम उठाने जरूरी हैं। धरती की स्थिरता और प्राकृतिक क्षमता को बचाने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। इनमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना होगा और दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विवेचना

डॉ. जवाहर सुरिसेट्टी



एक राष्ट्र, एक गरिमा

जो मिथक हम ढोते हैं, गढ़े गए डर, चुनिंदा आक्रोश और सुविधाजनक पीड़ित की राजनीति पर 'यह खेद की बात है कि संविधान के अनुच्छेद 44 को अभी तक लागू नहीं किया गया है। देश में एक समान नागरिक संहिता बनाने के लिए संसद को अभी भी कदम उठाना है।'

-मुख्य न्यायाधीश वी.एन. खरे, जॉन वल्लमट्टम, 2003

भारतीय इतिहास में हर परिवर्तनकारी विचार का सामना तर्कों के एक ही परिवार से हुआ है: यह हमारी संस्कृति नष्ट कर देगा, यह बाहरी थोपना है, हमारे पुरखे बेहतर जानते थे, अधिक उचित समय का इंतजार करो। विधवा पुनर्विवाह के विरोधियों ने 1856 में यही तर्क दिया था। मंदिर प्रवेश के विरोधियों ने 1930 के दशक में यही कहा था। हिंदू कोड बिल के विरोधियों ने 1950 के दशक में यही किया था। और समान नागरिक संहिता के विरोधी आज यही कर रहे हैं-इस परिष्कार के साथ जो उतना ही विस्तृत होता जा रहा है जितने तर्क खोखले होते जा रहे हैं। आइए मिथकों को एक-एक करके लें-किसी समुदाय की चिंताओं को खारिज करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें वह गंभीरता देने के लिए जिसके वे हकदार हैं -जिसका अर्थ है उन्हें साक्ष्य के सामने परखना।

मिथक एक: 'यूसीसी मुस्लिम संस्कृति नष्ट कर देगी'

नागरिक संहिता नागरिक जीवन के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को नियंत्रित करती है: विवाह कब कानूनी रूप से वैध है, मृत्यु के बाद संपत्ति कैसे बाँटी जाती है, दंपति कैसे अलग होते हैं, कौन बच्चा गोद ले सकता है। यह प्रार्थना को नियंत्रित नहीं करती। उपवास को नियंत्रित नहीं करती। तीर्थयात्रा, खान-पान के कानून, धार्मिक शिक्षा या पूजा की भाषा को नियंत्रित नहीं करती। जॉन वल्लमट्टम (2003) में सुप्रीम कोर्ट ने यह अंतर स्पष्टता से बताया: 'विवाह, उत्तराधिकार और इसी प्रकार के धर्मनिरपेक्ष स्वभाव के मामलों को अनुच्छेद 25 और 26 के तहत गारंटी के दायरे में नहीं लाया जा सकता।' धर्म सुरक्षित है। महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव के लिए धर्म का उपयोग नहीं किया जा सकता। तुर्की, जिसकी 99 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, ने 1926 में इस्लामी व्यक्तिगत कानून की जगह स्विस संहिता पर आधारित एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता अपनाई।

मिथक दो: 'यह एक बीजेपी/आरएसएस सांप्रदायिक एजेंडा है'

यह राजनीतिक रूप से सबसे प्रभावी तर्क है, क्योंकि इसमें एक मौलिक असत्य के भीतर आंशिक सत्य लिपटा हुआ है। आंशिक सत्य: सत्तारूढ़ दल द्वारा यूसीसी की वर्तमान राजनीतिक प्रस्तुति अक्सर ऐसी बयानबाजी के साथ होती है जो विशेष रूप से एक समुदाय को निशाना बनाती है, जिससे चुनिंदा प्रवर्तन का एक वैध भय पैदा होता है। यह भय सुना जाना चाहिए और किसी भी संहिता के डिजाइन में उसका समाधान किया जाना चाहिए। मौलिक असत्य: विचार स्वयं नेहरूवादी और अंबेडकरवादी है। 1950 के दशक के हिंदू कोड बिल-जिनका आरएसएस, हिंदू महासभा, राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और कांग्रेस के भीतर रूढ़िवादी तत्त्वों ने जमकर विरोध किया था-व्यक्तिगत कानून को धर्मनिरपेक्ष विधान से प्रतिस्थापित करने का पहला व्यवस्थित प्रयास था। अंबेडकर उनके चैंपियन थे। नेहरू उनके रक्षक थे।

मिथक तीन: 'यह अल्पसंख्यकों पर हिंदू कानून थोपेगी'

सच्चे अर्थों में तैयार की गई यूसीसी हिंदू कानून नहीं होगी। यह धर्मनिरपेक्ष कानून होगा, जो प्रत्येक परंपरा के सर्वश्रेष्ठ तत्त्वों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार ढाँचों और सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट की सुधारात्मक न्यायशास्त्र से ली गई है। उत्तराखंड का मॉडल-पहली स्वाधीनता-उत्तर राज्य संहिता, 27 जनवरी 2025 से लागू-ठीक इसलिए शिक्षाप्रद है क्योंकि यह दिखाती है कि यूसीसी कहाँ सही हो सकती है और कहाँ कमजोर। उत्तराखंड की संहिता सही ढंग से बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध लगाती है, समुदायों में बेटे-बेटियों को समान विरासत देती है, और धार्मिक समारोहों (सप्तपदी, निकाह, आनंद कारज) को बनाए रखते हुए नागरिक पंजीकरण को मानकीकृत करती है। ये हिंदू प्रावधान नहीं हैं। ये मानवाधिकार प्रावधान हैं।

मिथक चार: 'जनजातीय संस्कृतियाँ नष्ट हो जाएंगी'

संविधान ने स्वयं इसे पहले ही हल कर दिया है। अनुच्छेद 371ए और 371जी क्रमशः नागालैंड और मिजोरम के रीति-रिवाज कानून की रक्षा करते हैं; संसद राज्य विधानसभा की सहमति के बिना इन मामलों पर कानून नहीं बना सकती। छठी अनुसूची जनजातीय क्षेत्रों के लिए स्वायत्त परिषदें बनाती है। उत्तराखंड संहिता स्पष्ट रूप से अनुसूचित जनजातियों को छूट देती है। एक राष्ट्रीय यूसीसी समकक्ष सुरक्षाएँ शामिल कर सकती है-और करनी चाहिए। चिंता वास्तविक है। इसे संबोधित करने के कानूनी उपकरण पहले से मौजूद हैं। जनजातीय सांस्कृतिक संरक्षण यूसीसी के विरुद्ध तर्क नहीं है। यह इसके लिए एक डिजाइन विशिष्टता है।

मिथक पाँच: 'किसी और देश में समान नागरिक संहिता नहीं है'

फ्रांस में 1804 से है। जर्मनी में 1900 से। तुर्की में 1926 से। ये कोई अस्पष्ट राष्ट्र नहीं हैं। ये दुनिया के सबसे धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विविध देशों में से हैं। फ्रांस में पचास लाख मुसलमान हैं; जर्मनी में लगभग उतने ही; तुर्की में बहुसंख्यक मुसलमान हैं। उनकी नागरिक संहिताएँ प्रत्येक देश में फलती-फूलती धार्मिक समुदायों, सक्रिय मस्जिदों और मजबूत सांस्कृतिक परंपराओं के साथ सह-अस्तित्व में हैं। यह दावा कि एक समान नागरिक ढाँचा धार्मिक पहचान नष्ट करता है, केवल गलत नहीं है। यह एक सदी से अधिक के साक्ष्य द्वारा खंडित है।

हम जो भी करेंगे वह कर्म है

संकलित

दर्शन



'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न भाइयों का प्यार

संकलित

प्रेरणा

राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बचपन का एक प्रसंग है! जब ये लोग खेलते थे तो लक्ष्मण राम की तरफ उनके पीछे होता था और सामने वाले पाले में भरत और शत्रुघ्न होते थे। तब लक्ष्मण हमेशा भरत को बोलते कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो हर बार अपने पाले में अपने साथ मुझे रखते है। लेकिन भरत कहते नहीं कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो मुझे सामने वाले पाले में रखते है ताकि हर पल उनकी नजरें मेरे ऊपर रहे, वो मुझे हर पल देख पाएं क्योंकि साथ वाले को देखने के लिए तो उनको मुड़ना पड़ेगा। फिर जब भरत गेंद को राम की तरफ उछालते तो राम जानबूझ कर गेंद को छोड़ देते और हार जाते, फिर नगर में उपहार और मिठाइयां बांट कर खुशी मनाते। सभी पूछते राम जी आप तो हार गए फिर आप इतने खुश क्यों है, राम बोलते मेरा भरत जीत गया। फिर लोग सोचते जब हारने वाला इतना कुछ बांट रहा है तो जीतने वाला भाई तो पता नहीं क्या, क्या देगा? लोग भरत के पास जाते है लेकिन ये क्या भरत तो लंबे: लंबे आंसू बहाते हुए रो रहे है। लोगों ने पूछा: भरत जी आप तो जीत गए है, फिर आप क्यों रो रहे है? भरत बोले: देखिए मेरी कैसी विडंबना है, मैं जब भी अपने प्रभु के सामने होता हूँ तभी जीत जाता हूँ। मैं उनसे जीतना नहीं मैं उनको अपना सब कुछ हारना चाहता हूँ। मैं खुद को हार कर उनको जीतना चाहता हूँ।

लक्ष्मी का आगमन जल्द



कोलकाता में शुक्रवार को लक्ष्मी पूजा से पहले एक कलाकार देवी लक्ष्मी की मूर्ति तैयार करते हुए।

आज की पाती

लोकतंत्र में असहमति को स्थान है, अराजकता को नहीं

नीट परीक्षा आंदोलन में धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद एसआईआर आंदोलन की आड़ में जिस प्रकार अराजकता फैलाई जा रही है, वो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। किसी भी विषय पर मत भिन्नता हो सकती है, उस पर रचनात्मक आंदोलन भी हो सकता है, लेकिन आंदोलन की आड़ में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। जन आंदोलन वही सफल होते हैं जिनमें जनता की सहभागिता हो। लेकिन इस आंदोलन में जन सहभागिता नहीं दिख रही। इसी लोकतांत्रिक ढांचे में रिजिम चेंज करने की बात कह कर आंदोलनकारी यह सोच रहे हैं कि उन्हें जन समर्थन मिलेगा, तो वो गलतफहमी में हैं। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता हमारे उसी संविधान में अंकित है, जिस संविधान को हाथ में लेकर राहुल गांधी घूमते हैं। *- सतीश चौहान, बेमेतरा*

ट्रेंड

शासन का स्वरूप



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक शासन के स्वरूप को तेजी से बदल रहे हैं। हमें अपने लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप ढलने के लिए सशक्त बनाने हेतु तैयार रहना चाहिए **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं के डबल्स एसएल 3-एसयू 5 बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने पर थुलसिमथी मुरुगेसन और मानसी जोशी को हार्दिक बधाई! उनके बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है! **- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



मध्य प्रदेश में मछली पालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के साथ जोड़ा जाएगा; एकीकृत मत्स्य उद्योगों को एमएसएमई ढांचे के तहत प्रोत्साहन और सहायता मिलेगी और जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। **- डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

जीतने की साजिश



बीजेपी, अपनी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, अधिकारियों और स्कूल-कॉलेज प्रशासकों पर दबाव डालकर शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनावों को अवैध तरीके से जीतने की साजिश रच रही है। इन सभी लोगों के वीडियो बनाए जाएंगे और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। **- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर

पाकिस्तान का लाहौर शुक्रवार को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। एक वायु गुणवत्ता निगरानी मंच के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया। एक्यूआई वायु प्रदूषण मापने का संख्यात्मक पैमाना है। इसका स्तर जितना अधिक होता है, हवा की गुणवत्ता उतनी ही खराब होती है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। स्विट्जरलैंड के निगरानी मंच आईक्यूएयर के पैमाने के अनुसार, 300 से अधिक एक्यूआई को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा जाता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर में पीएम2.5 प्रदूषकों की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 45.2 गुना अधिक थी। पीएम2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले बारीक कणों से है। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पंजाब प्रांत की सरकार के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर और अन्य हिस्सों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच धुंध छाने की समस्या रहती है।



ऑफ बीट

दुनिया की सभी प्रवाल भित्तियां 50 साल में हो जाएगी नष्ट

दुनिया की लगभग सभी प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के अगले 50 वर्षों में नष्ट होने का गंभीर खतरा है। आकलन में कहा गया है कि उथले पानी में मौजूद 96 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां पहले से ही गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं और वर्ष 2075 तक गायब हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ, पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित कोरल ट्रायंगल, मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ प्रणाली और लाल सागर की प्रवाल भित्तियां सहित दुनिया की कई प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं। यह खतरे का सबसे गंभीर स्तर है। आईयूसीएन की प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी प्रणालियों की 'ग्लोबल रेड लिस्ट' के इस आकलन का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक मिशाल गुडका ने कहा, 'प्रवाल भित्तियों के नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन इसे निराशा का कारण बनाने के बजाय खतरे की चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रवाल भित्तियों ने बड़े पैमाने पर हानिकारक विरंजन (ब्लीचिंग) जैसी विनाशकारी घटनाओं के बाद भी उल्लेखनीय रूप से उबरने की क्षमता दिखाई है। भविष्य में भी कुछ स्थानों पर ऐसी प्रवाल भित्तियां बची रह सकती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को सहने में सक्षम हों।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।



किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

मुंबई। इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे। इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडी: द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी।





फौजी का नया पोस्टर जारी 1932 से है कनेक्शन...

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है। मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए एक दिलचस्प कैप्शन भी लिखा है। उन्होंने बताया कि फाइल नंबर 25 से जुड़ा सवाल 'वह कौन है?' का जवाब आज एक वीडियो के जरिए दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रभास को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी हैं।



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज : नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है।



डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके।



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते।



ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यही है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए।







सिला का पोस्टर रिलीज, कल्पना से भी परे होगी कहानी



मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मेयर कार्यालय, अभिताभ का घर और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई में बम धमाके की धमकी से सुरक्षा एजेंसियों में चिंता बढ़ गई है। सामने आए एक ईमेल में मुंबई मेयर कार्यालय में दोपहर 3:11 बजे और एक स्कूल में दोपहर 1:11 बजे धमाके की धमकी दी गई है। ईमेल में 31 अक्टूबर को बांद्रा स्थित अभिनेता अमिताभ बच्चन के आवास 'जलसा' पर ग्रेनेड हमले की धमकी दी गई है। इसमें 1984 के सिख नरसंहार का जिक्र करते हुए 'खून का बदला खून' का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स में पंजाबी गायक और अभिनेता दलजीत दोसांझ के कार्यक्रम को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। इसे स्मिथ जॉनसन नाम के व्यक्ति की ईमेल आईडी से भेजा गया और मुंबई की मेयर रितु राजेश तावड़े, नगरसेविका रितु तावड़े और नगरसेवक संजय शंकर घाड़ी को भेजा गया है। ईमेल में 'खालिस्तान जिंदाबाद' लिखने के साथ लोगों को अपने बच्चों को बचाने की चेतावनी दी गई है।

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT DABHARA, DIST. SAKTI (C.G.)

E-Procurement Tender Notice 1st CALL
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
UDD Portal: https://uad.cg.gov.in

No.1093/NIT/DABHARA/2026-27 DABHARA Dated 16.10.2026

Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Dabhara invites Online Tenders for and on behalf of Nagar Panchayat Dabhara for S.O.R. percentage rate & ITEM RATES FOR NON SOR (S.O.R. C.G. PWD Road SOR - 01.01.2025 & SOR C.G. PWD Building SOR 01.01.2015 Electrical /PHE S.O.R. 01.06.2020) tender in form 'A&B' from eligible class contractors of PWD Chhattisgarh e-Procurement System (https://eproc.cgstate.gov.in)

1. Bid Start Date :- 22.10.2026 at 17:30 PM
2. Bid Due Date :- 12.11.2026 at 17:30 PM
3. Physical Submission Date :- 16.11.2026 at 17:30 PM
4. Bid Open Date :- 17.11.2026 at 11:00 AM

System Tender No.	Name of work	Estimated cost (in Lacs)	Earnest Money Deposit	Tender Form Fees	Time Period of Completion
202363	Construction fo Akankshiya Toilet 06 Seater	16.92	13000.00	750.00	05 Months
202361	Construction fo Akankshiya Toilet 10 Seater	28.20	21500.00	1500.00	05 Months

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Dabhra, District-Sakti (C.G.)

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)

NIT NO: 315 /Yojna/RMC/2026 **RAIPUR DATED: 16.10.2026**

Online bids are invited for the following works of works up to **12/11/2026** at 17:30 hours.

Sr. No	System Tender No.	Name of work	Probable Amount of Contract	Cost of Tender form	Earnest Money Deposit	Eligible class of contractor / firm	Time allowed for Completion
1	202375	Construction of 4500KL/25 M Staging Height RCC Over Head Tank, Providing, Lowering, Laying, Jointing and testing Clear water Pumping, Providing, Lowering, Laying, Jointing & Testing Distribution system with House Service Connection & PLC/SCADA at SADDU AREA, Raipur.	₹ 2911.25 Lakhs (Form-A)	₹ 3000.00 (Rupees Three Thousand only)	₹ 5.00 Lakhs (Rupees Five Lacs only	Class "A"	24 Months including Monsoon & 3 Months Trail Run

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **21.10.2026, 17:30 Hours** (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. **18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.
4. Mobile number - 8878161768

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कोलकाता हवाई अड्डे पर फिर बम की धमकी

नई दिल्ली। कोलकाता हवाई अड्डे के महिला शौचालय में शुक्रवार को हाथ से लिखा एक धमकी भरा पत्र मिला, जिसमें बम होने की बात कही गई थी। इस घटना से हवाई अड्डे पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। सुरक्षा टीमों ने फौरन पूरे इलाके की छानबीन की, लेकिन उन्हें कोई भी संदिग्ध या खतरनाक चीज नहीं मिली। इसके बावजूद, विमानों का संचालन हमेशा की तरह जारी रहा। अधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। वे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और सफाई कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं।

नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म; पांच आरोपी गिरफ्तार

गोड्डा। झारखंड के गोड्डा जिले में 14 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया जिसके बाद पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात महागामा थाना क्षेत्र में यह वारदात हुई जब लड़की अपने दो पुरुष रिश्तेदार के साथ उर्जानगर इलाके में एक मेले से लौटकर अपनी एक अन्य रिश्तेदार के घर जा रही थी। महागामा थाने के प्रभारी अभिनव आनंद ने बताया कि जब तीनों जियाजोरी जंगल पहुंचे, तो छह लोगों ने उन्हें रोक लिया, पुरुषों की पिटाई की और उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया तथा बारी-बारी से लड़की का दुष्कर्म किया।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

Phone No. 07763-223344 cmonpjashpur@gmail.com
क्रमांक / 436 / लो.नि./ न.पा.प./2026-27 जशपुरनगर, दिनांक 23.10.2026

ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आंमत्रित की जाती है।

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor	Last date of online submission of bids
1	202540	Rejuvenation of Water body including ecological restoration and public amenities with Five (05) years Operation & Maintenance in Sati Talab, Jashpur Nagar Chhattisgarh under AMRUT 2.0 (1st Call)	Rs. 355.94	Rs. 1.78	In Class B or Above	18.11.2026 17:30 IST

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 23.10. 2026 17:30 Hours (IST) on-wards.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर

कार्यालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग

// अधिसूचना //

क्रमांक 4449/ 202602200900017/अ-82 / भू-अर्जन / 2025-2026

कोण्डागांव, दिनांक 14/10/2026

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित रांधना - देवहरदूली मार्ग के कि.मी. 2/8 पर बासानी नाला पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य के पंहुच मार्ग हेतु ग्राम - देवहरदूली, तहसील - माकड़ी, जिला - कोण्डागांव (छ.ग.) के निजी भूमि कुल रकबा 0.314 हेक्टेयर भूमि के मुआवजा प्रकरण में सामाजिक समाघात में गठित अध्ययन दल के द्वारा की गई कार्यवाही रिपोर्ट पर जिला स्तरीय विशेषज्ञ समूह दल के सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई हैं तथा लोकहित में उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य के पहुंच मार्ग हेतु भू-अर्जन की अनुशंसा की गई हैं। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है -

:: अनुसूची ::

1. भूमि का वर्णन -
   1. जिला - कोण्डागांव
   2. तहसील - माकड़ी
   3. ग्राम - देवहरदूली
   4. भूमि का क्षेत्रफल - 0.314 हेक्टेयर

क्र.	खसरा नंबर	कुल रकबा (हेक्टेयर में)	प्रभावित रकबा (हेक्टेयर में)
	देवहरदूली		
1	1/71	1.214	0.154
2	26/3	0.202	0.080
3	27	0.344	0.080
	कुल योग - 03	1.760	0.314

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(नुपूर राशि पन्ना)
कलेक्टर
जिला - कोण्डागांव
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-262704153/1

कार्यालय नगर पंचायत बरेला, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 797/लोनि./ न.पं./2026-27 बरेला, दिनांक 23/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम टेंडर नम्बर	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	Bid Due Date
202457	वार्ड क्र. 03 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य नगर पंचायत बरेला फेस 1 (द्वितीय निविदा)	11.303	09.11.2026
202456	आकाक्षीय शौचालय नगर पंचायत बरेला। (प्रथम निविदा)	28.20	16.11.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरेला

नगर पंचायत के करो का भुगतान समय पर करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र .931/न.पा./लो.नि.वि./2026-27 मुंगेली, दिनांक 23/10/2026

चतुर्थ मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत कॉलम नं. 6 में वर्णित एस.ओ.आर. दर अनुसूची से कम, बराबर या अधिक प्रतिशत दर पर निविदा प्रपत्र (अ) में समस्त कर सहित दिनांक 03.11.2026 समय सायं 4:00 बजे तक रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि लाख में	अमानत राशि	अवधि	एस.ओ.आर. विवरण
1	वार्ड क्र. 07 राहुल देवांगन के घर से शिव मंदिर सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली तक निर्माण/नवीनीकरण कार्य	2.08	2080	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
2	वार्ड क्र. 08 अगमन आटो पार्टस से विद्यावाशिनी सिंह के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण/नवीनीकरण कार्य	1.47	2000	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
3	वार्ड क्र. 14 में गुणवंत सोलंकी से देवांगन के घर एवं भवन सिंह के घर से महेन्द्र शर्मा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	4.27	4270	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
4	वार्ड क्र. 14 रामविलाश सिंह के घर से सोम उपाध्याय के घर एवं अमुल एजेंसी के सामने रमेश बघेल के घर से कुंजराम कुम्भकार घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	6.39	4795	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
5	वार्ड क्र. 14 कृष्ण कुमार केशरवानी घर से जगदीश देवांगन घर तक सी.सी. सड़क रिनिवल एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	2.08	2080	01 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
6	वार्ड क्र. 14 रजक निवास घर से महेन्द्र सिंह परिहार के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	6.35	4765	02 माह	cg pwd build sor 01.01.2015 Road sor 01.01.2025
7	वार्ड क्र. 16 कलिम तंवर के घर से इंदिरा डाहिरे के घर तक, शालनी पेंडारकर के घर से जनक महिलांग के घर तक, बघेल डॉक्टर से मनोज राय के घर तक, जीतू मसीह के घर से मेन रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं कीया यादव के घर के सामने, लाला किराना के पास पुलिया निर्माण कार्य।	8.88	6660	03 माह	cg pwd build sor 01.01.2015
8	वार्ड क्र. 19 में एहसान के घर से साकेत इलेक्ट्रिकल से होते हुए उपलेटा के घर, साहू मवन से राजिधर घर से होते हुए संतोष यादव के घर, हिमांशु मिश्रा के घर से कौशल क्षत्रिय घर, कौशल क्षत्रिय घर से महेश सिंह ठाकुर घर, मोर्डन घर से भूरे घर, वीरेंद्र जायसवाल के घर से मिलाद खान के घर और अज्जू खान के घर से बसीर किराना दुकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण / मरम्मत कार्य	8.29	6220	03 माह	cg pwd Road sor 01.01.2025

टीप :-1. निविदा के संबंध में नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है। 2. स.क्र. 2, कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 300.00 रू. एवं शेष कार्य हेतु 750.00 रू. डी.डी. के माध्यम से सीलबंद लिफाफे में पृथक-पृथक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 3. विस्तृत नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट cg.uad.gov.in/ में देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर व दर भर कर वांछित समस्त दस्तावेजो के साथ निर्धारित तिथि तक स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

घरेलु स्टाफ

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयः **प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः - 7746000016, 7747000016.** (आरो-815)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों की आवश्यकता है। पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ **संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, रायपुर । मो.- 8109135400, 9179380728.** (आरो-72)

घरेलु नौकर

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5 वर्ष, शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 20,000 प्रतिमाह सुविधाएं रहने की व्यवस्था स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर **संपर्कः- 9109136936, 9109972720.** (आरो-096)

हरिभूमि

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबरः- 9329103178.** (आरो-095)

दुकान/गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है- फटाका दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़की की आवश्यकता है। योग्यता- मेहनती व ईमानदार वेतन- 8000- 15000 दिवाली बोनस दिया जाएगा **संपर्क करें- डागा फायर्स आजाद चौक रायपुर मो. 9340585453.** (आरो-235)

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान और गोडाउन में काम करने के लिए। युवा लड़कों की आवश्यकता है जो मेहनती हों और 5वीं पास हों। वेतन 15,000 /- से शुरू होगा, योग्यता के अनुसार। **स्थानः नहारपारा - पीथलिया प्लाजा, फाफाडीह चौक & बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें - 9302702087.** (आरो-4196)

सेल्समैन/ड्रायवर

शीघ्र आवश्यकता है- सेल्समेन, सेल्सगर्ल एवं ड्राइवर की। **पता अरुण कुमार एंड सन उतई महिमा हॉस्पिटल के सामने एवं संजय फर्नीचर दक्षिण गंगोत्री सुपेला भिलाई** (आरो-347)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सुपरवाइजर/गार्ड

आवश्यकता है- वी.आई.पी. चौक, तेलीबांधा, एम.जी. रोड, टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, की अतिशीघ्र आवश्यकता है। ड्यूटी 12 घंटे वेतन 12000-15000/- आयु सीमा- 25- 45 वर्ष कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। **संपर्क नंबर- 9981144486.** (आरो-236)

कम्प्युटर/कॉलिंग कार्य

आवश्यकता है- कम्प्यूटर के साथ टेलीकालर कार्य हेतु लडकियों की आवश्यकता है श्रीमारुती कोरियर, कार्नरहाऊस, **कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9425242949.** (आरो-362)

ऑपरेटर/इंजीनियर

आवश्यकता है- (1) महिला- ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, Email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग) (2) पुरुष- मेडिकल मशीन की मार्केटिंग व सर्विस इंजीनियर (3) ऑर्थोपेडिक TKR, THR Joints & Arthroscopy सर्जरी कराने (4) सामान लाने ले जाने+ आफिस जनरल काम हेतु (5) Ecco चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए वेतन 13000 से 30000 **पता- पिनाका मेडिकल सिस्टम , Sec-11A , कमल विहार, रायपुर 9326609234, 9300335829.** (आरो-42156)

हरिभूमि क्लासीफाईड

इंजीनियर/सुपरवाइजर

URGENT REQUIREMENT
Civil Engineer, Site Supervisor & Plumber
-:Work:-
Civil Construction Works (GOVT.)
Location: Jashpur and Raipur
Salary:- Negotiable
Interested Candidates Email or WhatsApp
WhatsApp 9907265169 6260469972
-:E-mail:- jobs.saecr@gmail.com

ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव होना चाहिए तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन- 18,000/- प्रतिमाह। **सम्पर्कः- 9183313130, 9179829993.** (आरो-54)

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। कार्य समय : सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक , **संपर्क करें: 9826708233 ,पताः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई** (आरो-SPD/0095)

हरिभूमि क्लासीफाईड

गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है- गोंदवारा (भनपुरी) रायपुर में टायर कम्पनी के गोडाउन में काम करने 10वीं/ 12वीं पढ़े 2 मेहनती युवकों की आवश्कता है, वेतन 10 से 11 हजार, कार्य समयः सुबह 10 से रात 8 Mob. 7879871774. (आरो-A)

ऑपरेटर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- ELITE ELECTRICAL & SOLAR POWER Shop No. 6, Risali, Bhilai, 02-कंप्यूटर ऑपरेटर, 02-इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन की आवश्यकता है। वेतनः 10,000–15,000 प्रतिमाह (योग्यता अनुसार) इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume WhatsApp करें। मो. 99770-00162. (आरो - 346)

सेल्समैन

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है। **सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 9893470141.** (आरो-42157)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

Property प्रापर्टी

खरीदी बिक्री

खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुड़मुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो.- 7723023077, 7000058909. (आरो-237)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Business व्यापार

बिजनेस- पेपर बफे थाली प्लेट दोना एवं खुशबू अगरबत्ती हेतु निर्माता चाहिए, प्रतिमाह आय 21000 रु. दिवाली से 1 माह वेतन के बराबर बोनस 21000 रु. सहित दिवाली में 42000 रु. पश्चात नियमित 21000 रु. प्रति माह. आय मशीन व कच्चा माल की प्रथम लागत 10 से 15 लाख नियम शर्ते लागू संपर्क राधा कृष्ण सेवा संस्थान रायपुर. मों. 8109100493, 9669178483. कृष्ण कुमार वैष्णव पी.एम. आवास 580, ब्लॉक नंबर 6 दलदल सिवनी रायपुर छ.ग. मो. 8109100493. (आरो-238)

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 FIX SIZE

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक

हरिभूमि क्लासीफाईड

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
कायरे रिसर्च एण्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.बी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330







जैकेट के शेष

बालोद के विकास ....

हुए। यहां के विधायकों को इस दिशा में सोचना चाहिए। जितनी संजीदगी में आप गली गली घूमकर हाथ जोड़कर वोट मांगते हैं उसी भाव से जनता के लिए काम भी कीजिए। बालोद के विकास के लिए मै हमेशा मौजूद हूं।

सवाल – बालोद कृषि संपन्न क्षेत्र है, यहां एग्रीकल्चर कॉलेज की कोई संभावना ?

जवाबः– डॉ रमन सिंह के समय बहुत से एग्रीकल्चर कॉलेज खुले लेकिन पिछली सरकार के कार्यकाल में क्यों नहीं खुले इस पर सोचना चाहिए। जनप्रतिनिधि इस संबंध में प्रस्ताव लाते हैं तो इस पर हम मिलकर आगे बढ़ेंगे।

सवाल – बस्तर में आगे की परिस्थिति कैसे देखते हैं?

जवाब - निश्चित तौर पर बस्तर में पहले जो परिस्थिति थी अब वह नहीं है। नक्सली कैडर समाप्त हुआ है और हमको वहां समावेशी विकास करना है। बस्तर को बंबई नहीं बनाना है।

सवाल – बालोद में उद्योग लगाने सबसे बड़ी चुनौती ग्राम पंचायतों की तरफ से आती है। इसे कैसे देखते है?

जवाब :– यहां उद्योगों का विकास जरूरी है ,लेकिन हमे सबसे पहले पंचायतों को सुनना होगा और आम जनता की बातों को समझना होगा। वैसे, बालोद में इंडस्ट्रीयल एरिया विकसित करने का कार्य हो रहा है। इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी होना है।

सवाल – इस सरकार में तीन साल की सबसे ज्यादा संतुष्टि देने वाली कौन सी उपलब्धियां है?

जवाब :– निश्चित तौर पर नक्सलवाद का खात्मा सबसे बड़े संतोष की बात है। मैंने पहले ही कहा था कि 31 मार्च 2026 के बाद वह सुबह आएगी जब हम इन्द्रावती नदी के किनारे चाय पीएंगे और वह दिन आ भी गया। जब संयोग से इन्द्रावती नदी के किनारे उस सुबह मैंने डॉ हिमांशु द्विवेदी के साथ चाय पी।

फिर दूसरी सबसे बड़ी संतुष्टि प्रधानमंत्री आवास को लेकर है। क्योंकि भूपेश सरकार में इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ और उनके आवास मंत्री के तौर पर टी.एस.सिंहदेव ने अपना विभाग छोड़ दिया था। तब भाजपा ने ही सबसे बड़ा जन आंदोलन किया था इसलिए हमने अपने घोषणा पत्र के अनुसार कैबिनेट की पहली बैठक में पहला प्रस्ताव प्रधानमंत्री आवास का प्रस्तुत किया। आज स्थिति यह है कि तीन साल में 12 लाख आवास का लक्ष्य पूरा हुआ है। आगे 3 लाख 70 हजार आवास की मंजूरी भी मिल गई है।

विपक्ष ने सरकार को घेरा : जिला संवाद में जनप्रतिनिधियों ने बालोद जिले के विकास को लेकर अपनी बाते खुलकर रखी। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पहले 15 साल छत्तीसगढ़ में तत्कालीन रमन सरकार जो कार्य नहीं कर पाई उसे महज 2 साल में भूपेश सरकार ने कर दिखाया। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने शक्कर कारखाने के संचालन में आ रही दिक्कतों पर खुलकर बात की। डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने कृषि महाविद्यालय की जरूरत बताई। वहीं पूर्व विधायक राजेन्द्र राय ने केन्द्र और राज्य सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए रावघाट रेललाइन का कार्य पूरा होने को एक उपलब्धि बताया। सभी जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति बताई कि राजनीति से उपर उठकर विकास के मामले में सभी एक है।

हरिभूमि-आईएनएच का ....

चुनौतियों से लेकर भविष्य की संभावनाओं तक पर चर्चा होगी। छह विशेष सत्रों के माध्यम से खेती में नवाचार, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, विपणन, सरकारी नीतियों और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

प्रगतिशील किसान साझा करेंगे अनुभव : पहले सत्र में प्रगतिशील किसान खेती में नवाचार, उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और कृषि को लाभकारी बनाने के अपने अनुभव साझा करेंगे। इसमें भिलाई के अनिल शर्मा, कबीरधाम के रुपेंद्र जायसवाल, रायपुर के भाविन चावड़ा और नवापारा की महामाया मल्टीपर्पस को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सीईओ इतवारी प्रसाद बंजारे शामिल होंगे।

एग्रो इंडस्ट्रीज की भूमिका पर चर्चा : दूसरे सत्र में कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाओं, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, बाजार तक पहुंच और किसानों के साथ उद्योगों के बेहतर तालमेल पर चर्चा होगी। इस सत्र में मिल्कियाना पशु आहार के डायरेक्टर प्रदीप अग्रवाल, एरिज एग्रो लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग कंट्रोलर देवेंद्र कुमार तिवारी, केएससी टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एवं एमडी सुनीत चतुर्वेदी, आईबी ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अमित जैन, शैमरॉक ओवरसीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मंदीप सिंह चावला और इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क के सीईओ डॉ. एस.के. मिश्रा भाग लेंगे।

किसान संगठनों के प्रतिनिधि रखेंगे पक्ष : तीसरे सत्र में किसान संगठनों के प्रतिनिधि किसानों की समस्याओं, कृषि नीतियों, समर्थन मूल्य, खेती की लागत और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। इसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश अध्यक्ष तेजराम विद्रोही और छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के प्रदेश सचिव भूपेन्द्र दुबे शामिल होंगे।

कृषि विभाग और वैज्ञानिकों का दृष्टिकोण : चौथे सत्र में कृषि विकास की रणनीति, आधुनिक तकनीक, उद्यानिकी, कृषि अनुसंधान और किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसमें उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के संचालक लोकेश चंद्राकर (आईएएस), कृषि संचालक राहुल देव (आईएएस), इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और नाबार्ड के महाप्रबंधक शीतांशु शेखर भाग लेंगे।

कृषि विकास की दिशा पर प्रशासनिक मंथन : पांचवें सत्र में कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी (आईएएस) प्रशासनिक दृष्टिकोण से कृषि विकास की प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा पर विचार रखेंगे। वहीं, छठे और समापन सत्र में छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मुरिया दरबार से ....

हूं गांव के मुखिया की बेटी हूं। उन्होंने कहा परिवार के सदस्य आज नहीं हैं, लेकिन अपनी संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था और परंपराओं के प्रति जुड़ाव आज भी उतना ही गहरा है। राष्ट्रपति ने आदिवासी समाज से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ समाज को आगे बढ़ना आवश्यक है। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, उन्हें पढ़ने-लिखने और जीवन में प्रगति करने का अवसर प्रदान करें।

बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, विकास के साथ संस्कृति का भी करें संरक्षण : उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं, उन्हें पढ़ने-लिखने और जीवन में प्रगति करने का अवसर प्रदान करें। समय के साथ सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना और विकास के नए अवसरों को अपनाना जरूरी है, लेकिन इसका अर्थ अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक पहचान को त्यागना नहीं होना चाहिए।

नक्सलवाद जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सामाजिक एकजुटता जरूरी : राष्ट्रपति ने नक्सलवाद की समस्या का उल्लेख करते हुए समाज के लोगों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें यह समझना होगा कि नक्सलवाद की समस्या कैसे उत्पन्न हुई और इससे समाज के लोग किस प्रकार प्रभावित हुए। उन्होंने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन और राजाओं के समय आदिवासी समाज ने अपने अधिकारों, सम्मान और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष किया था। राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के लोगों को दूसरों के बहकावे में आने के बजाय अपने गांव, समाज और भविष्य के संबंध में स्वयं निर्णय लेना चाहिए। यदि कोई बाहरी व्यक्ति समाज में अशांति फैलाने का प्रयास करता है, तो सभी को एकजुट होकर उसका सामना करना चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित थे, उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

मासूम के हत्यारे को फांसी ....

पुलिस आरोपी को न्यायालय लेकर पहुंची और इस दौरान भी अधिवक्ताओं ने आरोपी की जमकर धुनाई की। इस बीच पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर उसे जेल दाखिल कर दिया गया।

हिदायतुल्ला, कोलंबिया विवि ....



विनायक समिति ने अब इस पर रोक लगाई है। हरिभूमि की खबर के बाद समिति ने रिम्स मेडिकल कालेज को आदेश दिया है कि वह हास्टल और ट्रांसपोर्ट को वैकल्पिक रखे। निजी मेडिकल कालेज बढ़ते खर्च का हवाला देकर चिकित्सा छात्रों से निर्धारित से ज्यादा शुल्क की वसूली करते हैं। इसके लिए मेस, हॉस्टल और ट्रांसपोर्टिंग का सहारा लिया जाता है। नियम के मुताबिक तीनों का शुल्क उन्हीं विद्यार्थियों से लिया जाना है जो यह सुविधा लेना चाहते है मगर निजी चिकित्सा महाविद्यालय कालेज में एडमिशन लेने वाले सभी छात्रों से इसकी फीस वसूलते हैं। अचंभे वाली बात यह भी है कि इन मेडिकल कालेजों की हॉस्टल, खानपान और कैंपस में हॉस्टल होने के बाद भी ट्रांसपोर्टिंग फीस बड़े प्रायवेट शिक्षण संस्थानों से काफी ज्यादा है। मसलन हिदायतुल्ला विधि विश्वविद्यालय में हॉस्टल की सालाना फीस 48 से 50 हजार के बीच है, कोलंबिया यूनिवर्सिटी में इसके लिए लगभग 55 हजार। नर्सिंग कालेजों में 20 हजार रुपए तक लिए जाते हैं। वहीं प्रायवेट मेडिकल कालेज इसके लिए दो से ढाई लाख रुपए का अनिवार्य शुल्क की वसूली करते हैं। पिछले कई सालों से हॉस्टल, मेस और ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर मोटी फीस का खेल जारी है। पिछले तीन से चार सालों अतिरिक्त रूप से वसूली जाने वाली राशि तीन सौ करोड़ से ऊपर की हो चुकी है।

खबर का असरः ....

गया है कि इस अनिवार्य वसूली को बंद किया जाए। ज्यादा शुल्क और डे-स्कॉलर से इस तरह का शुल्क की अनिवार्यता के संबंध में की गई शिकायत के संबंध में सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण दिया जाए।

12 घंटे के ....

की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को बागो थाना क्षेत्र के सुदूर जंगल से गिरफ्तार किया। प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं डॉक्टरी मुलाहिजा के पश्चात पुलिस द्वारा वैधानिक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी और मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसका सिर मुंडवाया और उसका जुलूस भी निकाला गया।

3500 पेड़ों की ....

जान बचाने के लिए कर्नाटक से मशहूर 'ट्री डॉक्टर' विजय निशांत विशेष रूप से टाइगर रिजर्व पहुंचे हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रभावित पेड़ों की वैज्ञानिक सर्जरी का आगाज हो गया है।

महानदी के उद्गम क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन दांव पर : करका का यह पूरा क्षेत्र उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का एक अतिसंवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह क्षेत्र न केवल समृद्ध जैव विविधता का केंद्र है, बल्कि यह महानदी के उद्गम क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता है। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि आज से पेड़ों का उपचार कार्य शुरू किया जा रहा है।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER Municipal Council, Ahiwara

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

क्रमांक / 561 / न.पा.प. / लो.क.वि. / 2026 अहिवारा दिनांक 23.10.2026

Online bids are invited for followings works up to **12.11.2026**

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor
1	202382	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire Systemin Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0	Rs. 437.06	Rs. 2.19	In Class B or Above

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (**https://cgeprocurement.gov.in**) from **23.10.2026** at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

टीप:- ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

कार्यालय- दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

// ई-निविदा सूचना //

ई-निविदा क्रं. 202422, 202410, 202411, 202413, 202414, 197852, 197849, 202417, 202419 व 202421, दिनांक- 23/10/2026

दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद द्वारा पेराई सत्र 2026-27 हेतु मरम्मत के लिए विभिन्न Authorised इंजीनियरिंग सामाग्रीयां क्रय, विभिन्न Non-Authorised इंजीनियरिंग सामाग्रीयां क्रय, विभिन्न सर्विसिंग कार्यों व वर्ष 25-26 में उत्पादित लगभग 200 मि.टन मोलासीस विक्रय हेतु तृतीय ई-निविदाएं, स्क्रैप सामाग्रीयों के विक्रय हेतु द्वितीय ई-निविदा एवं दैनिक ठेका श्रमिक नियोजन, सुरक्षा श्रमिक नियोजन, विभिन्न केमिकल, चूना, सल्फर, लेब्रोट्री एवं पैकिंग सामाग्रीयां क्रय, जेसीबी व ट्रेक्टर के माध्यम से कार्यों एवं विभिन्न ठेका कार्यों हेतु प्रथम ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदाओं हेतु इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1000/- + 311/- चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-procurement Portal:http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म अपलोड किया जाना है।

नोटः- निविदा की शर्ते व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साईड www.dmsskm.com **में भी अवलोकन कर सकते है। ई-निविदा हेतु तकनीकी सहयोग के लिए सम्पर्क-9098817773 एवं अन्य जानकारी हेतु 9907406733, 9713961777**

प्रबंध संचालक

कार्यालय, नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक /181/न.प./ निविदा/ 2026-27 उतई, दिनांक 23/10/2026

// ई-प्रोक्यूमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा की अंतिम तिथि
1	202537	वार्ड क्र. 03 दशहरा मंच के सामने डोम शेड निर्माण कार्य।	37.69	13/11/2026

टीपः- निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/ प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईड एवं कार्यालय सूचना पटल पर प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा। प्रतिभागी टेण्डर फार्म विभाग के वेबसाईड में जाकर डाउनलोड कर सकते है। संबंधित CG PWD SOR- भवन (10.06.26) सडक (15.06.26) इलेक्ट्रीकल (10.06.26) CG PHE (2020) यथा संशोधन सहित ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें"

पेज एक के शेष

एक्सपायरी दूध से पनीर, गंदगी के....

नियंत्रक ने निरीक्षण के दौरान पनीर बनाने के लिए उबाले जा रहे दूध में भी बड़ी मात्रा में कीड़े-मकोड़े पाए जाने पर नाराजगी जताई और संचालक आंचल जगमोहन यादव को जमकर फटकार लगाई।

गुप्ता लड्डू हाउस में भी...

कार्रवाई में खाद्य पदार्थों के निर्माण में स्वच्छता, गुणवत्ता और लाइसेंस संबंधी नियमों के पालन पर सवाल खड़े हुए हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट और विभागीय कार्रवाई के आगे के परिणाम सामने आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर स्थिति और स्पष्ट होगी।

लोन के 19 लाख रुपये हड़पने...

खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर को काली घाट, महावीरपुर कोरयाबारी नर्सरी जंगल के पास कच्चे नाले में नाबालिग का शव मिला था। मृतक की पहचान सुजल बरेठ के रूप में हुई। उसके मामा अविनाश बरेठ ने बताया कि सुजल की मां रजनी बरेठ केशवनगर ममता कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी। उसका मोबाइल 9 अक्टूबर से बंद था। पुलिस ने 11 अक्टूबर की रात मकान का ताला तोड़कर जांच की तो बाथरूम में रजनी का शव मिला। **सीसीटीवी से आरोपी तक पहुंची पुलिस** : पुलिस ने कॉलोनी और वाशिंग सेंटर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कार के नंबर सीजी 15 ईजी 7101 से आरोपी की पहचान हुई। पूछताछ में प्रवेश कुमार ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से दोनों के मोबाइल फोन, दस्तावेज, आभूषण, घटना में प्रयुक्त व्हैंड विटारा कार, सीमेंट का टुकड़ा और पानी की बोतल बरामद की। आरोपी ने कार की खून लगी मैट जला दी थी। आरोपी परवेश उर्फ प्रवेश कुमार (36), निवासी बिश्रामपुर, मूलतः हरियाणा का रहने वाला है। आईजी दीपक झा के निर्देश पर गठित टीम और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा किया।

मैगी खिलाने के...

ले गया और मैगी खिलाई। वापसी में राई जंगल में बाथरूम जाने के बहाने उसे उतारा। सुजल ने भागने की कोशिश की तो आरोपी ने सीमेंट के खंभे के टुकड़े से सिर और सीने पर वार कर हत्या कर दी। शव काली घाट के नाले में फेंक दिया।

लोन के रुपये बने हत्या...

योजना बनाई। 9 अक्टूबर को आरोपी कार धुलवाने के बहाने वाशिंग सेंटर पहुंचा और पैदल रजनी के घर गया। शाम को सुजल के ट्यूशन जाने के बाद उसने रजनी से रुपये मांगे। मना करने पर विवाद हुआ। आरोपी ने स्टील की पानी की बोतल से उसके सिर पर वार किया और बाथरूम में ले जाकर करीब 10 मिनट तक पैर से गला दबाए रखा।

सामने चल रहे ट्रक में घुसी...

दम तोड़ दिया, अन्य 3 गंभीर रुप से घायल हैं। रिश्तेदारों से मिली जानकारी के अनुसार परिवार राजनांदगांव से शादी समारोह में शामिल होने ओडिशा के संबलपुर गया था। शुक्रवार को राजनांदगांव लौट रहे खान परिवार की कार आगे चल रहे 16-चक्का ट्रक से पीछे जा टकराई।

कार के परखच्चे उड़े...

अस्पताल तथा तारीख खान (25 वर्ष) को रायपुर रेफर किया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक अपने वाहन समेत मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

1 करोड़ आवेदन पाने...

प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ दुनिया का पहला ऐसा आईपीओ बन गया है, जिसे 1 करोड़ से ज्यादा आवेदन मिले हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड वारी एनर्जीज के नाम था, जिसके आईपीओ को करीब 97 लाख आवेदन मिले थे। वहीं, बजाज हाउसिंग फाइनेंस और भारत कोकिंग कोल के आईपीओ को लगभग 90-90 लाख आवेदन मिले थे।

अब कचरे की चार...

इन्हें सामान्य सूखे कचरे में डालने की अनुमति नहीं होगी। केंद्र सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत कचरे के पृथक्करण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण ने इन्हें प्रदेश के नगरीय निकायों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है।

कचरा गाड़ी में भी अलग-अलग रखना होगा : केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों में कचरे को अलग रखने की जिम्मेदारी केवल घरों और प्रतिष्ठानों पर नहीं छोड़ी गई है। नगरीय निकायों को संग्रहण और परिवहन के दौरान भी यह सुनिश्चित करना होगा कि अलग-अलग श्रेणियों का कचरा आपस में न मिले। इसके लिए कचरा गाड़ियों में अलग-अलग खंड, पृथक कंटेनर या सुरक्षित बैग रखने होंगे। नगरीय निकायों को ऐप आधारित शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित करनी होगी। इसके माध्यम से नागरिक कचरा नहीं उठने, कर्मचारियों द्वारा अलग किए गए कचरे को दोबारा मिलाने या संग्रहण सेवा में दूसरी गड़बड़ियों की शिकायत कर सकेंगे।

कचरे से लेकर प्लास्टिक तक की अलग पहचान : दिशा-निर्देशों के अनुसार, कचरे की पहली श्रेणी गीले कचरे की है। इसमें बचा हुआ भोजन, फल-सब्जियों के छिलके, चायपत्ती, कॉफी का बचा हुआ पदार्थ, फूल और दूसरे ऐसे जैविक पदार्थ शामिल हैं जो प्राकृतिक रूप से सड़ जाते हैं। इस कचरे को अलग रखने से इसका प्रसंस्करण और खाद बनाने जैसे काम आसान होते हैं। इसे लंबे समय तक जमा रखने से दुर्गंध और कीटों की समस्या हो सकती है, इसलिए इसका संग्रहण कम से कम रोजाना किया जाना चाहिए। दूसरी श्रेणी सूखे कचरे की है। इसमें अखबार, कागज, गत्ते, प्लास्टिक की बोतलें और पैकेट, कांच की बोतलें, धातु के डिब्बे, कपड़े तथा पैकेजिंग सामग्री आती हैं। इस कचरे को साफ और सूखा रखकर अलग सौंपना जरूरी है, ताकि उपयोगी सामग्री का पुनर्चक्रण किया जा सके। हालांकि, हर सूखी वस्तु को सामान्य सूखे कचरे में नहीं डाला जा सकता। बैटरी, एक्सपायरी दवाइयां और रासायनिक पदार्थों के कंटेनर जैसी वस्तुओं के लिए अलग व्यवस्था जरूरी होगी।

बैटरी, दवाइयां और ब्लेड भी अलग रखने होंगे : तीसरी श्रेणी सैनिटरी कचरे की है। इसमें इस्तेमाल किए गए सैनिटरी पैड, बेबी डायपर, वयस्कों के डायपर, टैम्पोन और इसी तरह का अपशिष्ट शामिल है। शरीर के तरल पदार्थों से दूषित इस्तेमाल की गई रुई और पट्टियां भी दिशा-निर्देशों में इस श्रेणी के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं। सैनिटरी कचरे को अलग रखना होगा और सौंपने से पहले कागज या उत्पाद के साथ मिले रैपर में सुरक्षित रूप से लपेटना होगा। चौथी श्रेणी विशेष देखभाल वाले कचरे की है। इस श्रेणी में घरों में इस्तेमाल होने वाली कई ऐसी वस्तुएं भी शामिल हैं जिन्हें आमतौर पर लोग दूसरे कचरे के साथ फेंक देते हैं। इनमें बैटरियां, इस्तेमाल न होने वाली या एक्सपायरी दवाइयां, सीएफएल और ट्यूबलाइट, एलईडी बल्ब तथा छोटे इलेक्ट्रॉनिक लैम्प, टूटे थर्मामीटर और पारा युक्त वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा खाली पेंट के डिब्बे, कीटनाशक या कीट-नाशक के कंटेनर, इस्तेमाल किए गए रेजर और ब्लेड, नेल पॉलिश और रिमूवर की बोतलें, पुराने कॉस्मेटिक तथा रासायनिक पदार्थों की बोतलें और एयरोसोल स्प्रे के डिब्बे भी इसी श्रेणी में रखे गए हैं। दिशा-निर्देशों में इस्तेमाल की गई सुइयों का भी उल्लेख है।

आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालयः आईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वड़ोदरा - 390007
कॉरपोरेट कार्यालयः आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा -कुरला कॉम्प्लेक्स मुंबई - 400051

स्वर्ण नीलामी और आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित ऋणधारक(ओं) को आईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के गहनों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। बकाया राशि न चुका पाने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के गहनों की नीलामी 23 नवंबर, 2026 को की जाएगी। यदि ऋणधारक की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	ऋणधारक का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम - भिलाईनगर-नंदिनी रोड		
181557000135	संगीता धृवान महापात्रा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नंदिनी रोड, कोहका मांइस, वार्ड नंबर 25, करुणा अस्पताल के सामने, भिलाई नगर जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ - 490023
शाखा का नाम -धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़		
372357000109	कृष्ण दास	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुराना जनपद पंचायत भवन धरमजयगढ़, जिला रायगढ़, धरमजयगढ़ - 496116
शाखा का नाम - दुर्ग		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, स्टेशन रोड, निरंकारी फर्नीचर के पास, दुर्ग 491001
062357000072	गोविंद प्रसाद साहू	
शाखा का नाम - गरियाबंद		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 83, पीएच नंबर 10, आईओसीएल पेट्रोल पंप, के सामने, तहसील गरियाबंद, जिला : गरियाबंद, छत्तीसगढ़ 493889
837057000010	दीप राज मसीह	
837057000011	दीप राज मसीह	
शाखा का नाम - घरघोड़ा, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुरानी जनपद पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय घरघोड़ा, जिला - रायगढ़, घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ 496111
372257000145	किशोरी मोहन पटनायक	
शाखा का नाम - जगदलपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लक्ष्मण एवेन्यू, मंडी के पास, बालाजी वार्ड, जगदलपुर बस्तर जिला, छत्तीसगढ़ - 494001
108557000417	हेमवती सोनवानी	
108557000416	सोनू दुर्गा	
शाखा का नाम -नगरनार		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मिडिल स्कूल के पास, ग्राम पोस्ट नागानार, जिला बस्तर, तहसील जगदलपुर, नागानार छत्तीसगढ़ -494341
263957000114	लक्ष्मी कश्यप	
शाखा का नाम - नारायणपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 405/3, मेन रोड, भकरुपारा, नारायणपुर - 494661, छत्तीसगढ़
783557000126	रजनू राम नेताम	
783557000080	अनिता मरकाम	
शाखा का नाम - रायपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 2/12, 14/21, 15/8, पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस के पास, यूनिसेफ कार्यालय के पास, सिविल लाइन, रायपुर -492001, छत्तीसगढ़
016157000468	प्रकाश तिवारी	
016157000580	भारती जांगड़े	
016157000445	वैभव अग्रवाल	
शाखा का नाम - सरायपाली		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मेन रोड, बस स्टैंड के पास, सरायपाली 493558, छत्तीसगढ़।
783257000032	जीवेशराम चौधरी	
783257000035	जीवेशराम चौधरी	
शाखा का नाम - सारंगढ़, छत्तीसगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कृषि विकास शाखा, सारंगढ़, रायगढ़ रोड, छत्तीसगढ़ - 496445
371857000183	सरिता साहनी	
शाखा का नाम - तिल्दा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, गुरुकृपा कॉम्प्लेक्स, बनियापारा, स्टेशन रोड, तिल्दा, जिला : रायपुर, छत्तीसगढ़ - 493114
794857000099	मनोज सोनी	
शाखा का नाम - पटना-अनिशाबाद		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, हुल्लास बिहार, पुलिस कॉलोनी के सामने, अनिशाबाद। पटना बिहार-800002
133357000268	सविता सिंह	

नीलामी ऊपर दी गई टेबल में बताए गए पते/पतों और तारीख/तारीखों पर होगी। समयः दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसी बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तारीख/जगह/तरीके को बदलने का अधिकार सुरक्षित है। इच्छुक पक्ष नीलामी की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए ऊपर बताई गई शाखा/शाखाओं पर जा सकते हैं।

दिनांकः 24.10.2026
स्थानः बस्तर, रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, नारायणपुर, गरियाबंद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बेमेतरा

भवदीय,
सही/- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता,
कृते/-आईसीआईसी बैंक लिमिटेड

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टे

सरकार चार बड़े सरकारी बैंकों में बेचेगी हिस्सेदारी, जनता को मिलेंगे 25% शेयर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार इन दिनों देश के चार बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी हिस्सेदारी को अगले एक साल में घटाकर 75 प्रतिशत करने पर विचार कर रही है। ऐसा स्टॉक मार्केट रेगुलेटर 'सेबी' की 'न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग' की शर्त को पूरा करने के मकसद से किया जा रहा है। जिसके तहत शेयर बाजार में लिस्टेड हर कंपनी में कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सेदारी आम जनता के पास होना अनिवार्य है। ये चारों सरकारी बैंक शेयर बाजार (एनएसई और बीएसई) पर पहले से ही लिस्टेड हैं। सरकार के इस कदम से बैंकों में 25 प्रतिशत शेयर आम निवेशकों या अन्य शेयरधारकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी बैंकों के निजीकरण की भी योजना

मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव के साथ-साथ सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण के अगले दौर की अपनी योजना पर भी काम कर रही है। सरकार का मकसद देश के छोटे व कमजोर सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मर्ज कर विशाल और आर्थिक रूप से मजबूत बैंक बनाना है। ठीक जिस तरह से पीएनबी, ओरिएंटल बैंक और यूनाइटेड बैंक को मिलाकर एक कर दिया गया।



बैंकों को सेबी की न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग शर्त को पूरा करना है उद्देश्य

किन सरकारी बैंकों से कम होगी हिस्सेदारी?

1. इंडियन ओवरसीज बैंक- इसमें सरकार की मौजूदा हिस्सेदारी लगभग 92.44 फीसदी है। 2. पंजाब एंड सिंध बैंक-सरकार के पास इसके 93.85 प्रतिशत शेयर हैं। 3. यूको बैंक-इस बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 90.95 प्रतिशत है। 4. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया- बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 81.19 प्रतिशत है।

आईडीबीआई बैंक को लेकर हुई थी डील

अभी हाल ही में सरकार ने आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेचने के फैसले को मंजूरी दे दी है। इसे कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी 'एम/एस 10955230 कनाडा इंक' 81 रुपए प्रति शेयर पर सरकार से 52,878 करोड़ रुपए में खरीदेगी। इस 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी में 30.48 प्रतिशत शेयर भारत सरकार के हैं और 30.24 प्रतिशत शेयर जीवन बीमा निगम के हैं। विनिवेश के बाद भी बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत और एलआईसी की 19 प्रतिशत रह जाएगी। यानी कि दोनों के पास कुल मिलाकर बैंक में 34 प्रतिशत हिस्सेदारी बनी रहेगी।

बिजनेस साइट

संबलपुर मंडल में 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत 'रेल जन संवाद' का आयोजन



संबलपुर। पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के तहत सभी स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अनुभवों के आधार पर रेल सेवाओं में सुधार करना है। संबलपुर रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक सुबाष सी. चौधरी ने यात्रियों से मुलाकात कर स्टेशन की साफ-सफाई, एस्केलेटर, ट्रेनों में खान-पान की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों के सुझाव रेल सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं और सेवा व्यवस्था से जुड़े अपने विचार साझा करने का अवसर मिला। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से सीधे संवाद की इस पहल की सराहना की। रेलवे के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सेवाओं को अधिक जवाबदेह बनाना है। मंडल ने यात्रियों की संतुष्टि और जनभागीदारी के माध्यम से रेल सेवाओं में निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता दोहराई।

टाटा मोटर्स को 1,254 करोड़ रुपए का लाभ

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,254 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी को लाभ हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 25,338 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में 18,585 करोड़ रुपये था। कंपनी (पूर्व में टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लि.) ने वित्तवर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 867 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

कच्चे तेल की तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 126 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 88 अंक नुकसान में रहा।

- सेंसेक्स 126, निफ्टी 88 अंक फिसला

विश्लेषकों के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली और महंगाई से कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर की चिंता ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 125.56 अंक टूटकर 73,123.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 797.02 अंक तक गिरकर 72,452.37 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 87.65 अंक के साथ 22,600 अंक पर बंद हुआ। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, वैश्विक ऊर्जा बाजार में आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने चुनिंदा आईटी शेयरों में खरीदारी के बावजूद बाजार की धारणा कमजोर रखी। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव की चिंता बढ़ी है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निफ्टी की तुलना में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक गिरावट आना चिंता का विषय है। ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों से व्यापक बाजार पर दबाव बढ़ा है।



टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स में गिरावट

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में टाटा स्टील और अदाणी पोर्ट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इनके साथ ट्रेंट, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी नुकसान में रहे।

अदाणी पावर का लाभ 142 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बिजली क्षेत्र की कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 142 प्रतिशत बढ़कर 7,019.32 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 2,906.46 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 29.8 प्रतिशत बढ़कर 17,014.06 करोड़ रुपये हो गया।

सोना 1,900 रुपए लुढ़का, चांदी 5,500 रुपए टूटी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर में मजबूती के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये टूटकर 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित) पर आ गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत भी 5,500 रुपये गिरकर 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

हैवेल्स के लाभ में 9.7 प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली। बल्ब, ट्यूब, पंखे जैसे उपभोक्ता बिजली सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 9.72 प्रतिशत बढ़कर 349.22 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।

CHHATTISGARH STATE MARKETING CORPORATION LIMITED

4TH FLOOR, AABKARI BHAVAN, 4th FLOOR, CHHOKRANALA, LABHANDI,RAIPUR, CHHATTISGARH, 492001

Corrigendum Notice

Date: 21.10.2026

Corrigendum has been issued for following work:-

S. N.	Corrigendum No.	Description	Date of issue	Last date of submission
1	No./CSMCL/ EOI/2026-27/Corri./03, Dated: 21.10.2026	Corrigendum with respect to Expression of Interest (EOI) for AI/ML- Enabled Supply Chain Intelligent, Demand Integrity, Inventory Optimization and Governance Platform for CSMCL	01.10.2026	10.11.2026

Corrigendum document can be downloaded from www.excise.cg.nic.in/csmcl/tender

-s/d-
Managing Director
CSMCL

S-49546/1

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar-492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.. Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works:

1. NIT No.: 47/MD-LS-CC/EEC-I/CE/NRANVP/2026-27,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Date: 12.10.2026

Name of Work: "Annual Maintenance Contract of Landscaping & Irrigation in Mantralaya Mahanadi Bhawan, Directorate Indrawati Bhawan, CCIID and Rajdhani Sarovar at Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.) (1st Call)".

Period of completion including rainy season	Estimated Cost (INR)	EMD (INR)
Initially for **12 Months** [which shall be extended for further 2 years, one year at a time (Maximum 3yrs.) with 5% increment in agreed contract amount of previous year.	178.91 Lakhs [Per Annum for Yr.-I]	1.80 Lakhs

Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 02.11.2026

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer
NRANVP

S-49548/1

OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. V.Y.T. PG AUTONOMOUS COLLEGE DURG (C. G.)

(Accredited with 'A + ' Grade by NAAC)
Phone: 07882359688, Fax: 07882359688
Website : www.govtsciencecollegedurg.ac.in

क्रमांक / / पु. एवं सू. वि. विभाग / 2025-26
दुर्ग, दिनांक 23/10/2026

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में संचालित पाठ्यक्रमो में स्ववित्तीय मद में अतिथि व्याख्याता के अध्यापन कार्य हेतु विज्ञापन

महाविद्यालय के स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों में सत्र 2026-27 हेतु बी. लिब., एम.लिब. एवं पी.जी.डी. एलएएन के अध्यापन कार्य हेतु स्ववित्तीय अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है आवेदन दिनांक 30/10/2026 के सांय 5 बजे तक डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है ।

ग्रंथपाल प्राचार्य

G-262704167/2

Chhattisgarh Rural Roads Development Agency

VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

E-PROCUREMENT TENDER NOTICE

NIT No. 1213/TC-T/CGRRDA/2026 **Dated 23/10/2026**

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Construction of C.C. Road Under MMGGPY, sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/ Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement :

S. No.	NIT No.	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts	Rate invited
01	1213	MMGGPY	Total 1068.24 Lakhs (Including GST)	Dhamtari, Surguja, Surajpur, Manendragarh-Chirmiri-Bharatpur, Kondagaon, kanker	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 26.10.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-49550/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर

E-mail ID - res.janjgirchampa.janjgir@gmail.com

// संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक - 11 //

क्रमांक 1645 / निविदा / ग्रा.या.सेवा / 2026 जांजगीर, दिनांक 22/10/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण बार	निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि
Higher Secondary School Building Construction Work Kosala Block Pamgarh (Including Electrification) Tender No. - 202441	171.64	द्वितीय बार	04.11.2026

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 02.11.2026 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चापा (छ.ग.)

G-262704169/3

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-:- विज्ञापन -:-

क्रमांक: 1824/दो-06-06/2025 कोरबा, दिनांक: 16.10.2026

जिला न्यायालय स्थापना कोरबा के अंतर्गत रिक्त सहायक ग्रेड-3 (निष्पादन लिपिक, साक्ष्य लेखक एवं आदेशिका लेखक) के पदों पर सीधी भर्ती हेतु अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों और भारत शासन द्वारा मान्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों से इस विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में डाक द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

रिक्त पदों का विवरण (कुल रिक्त पद: 12)

क्र.	पद का नाम	कुल रिक्त पद	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1	सहायक ग्रेड-3 संवर्ग (निष्पादन लिपिक, साक्ष्य लेखक एवं आदेशिका लेखक)	12	09 (मुक्तः 07, महिलाः 02)	02 (मुक्तः 02)	00	01 (मुक्तः 01)

विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कृपया जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा की आधिकारिक वेबसाइट https://korba.dcourts.gov.in/notice-category/recruitments/ (भर्ती एवं सूचना) अनुभाग का अवलोकन करें।

G-262704173/1



एशियन पैरा गेम्स : भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, 114 मेडल के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार को इतिहास रचा। भारत ने एशियन पैरा गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदकों का नया रिकॉर्ड कायम किया है। भारत के कुल मेडलों की संख्या 114 पहुंच गई है। यह एशियन पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। भारत ने 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए हैं। गोल्ड मेडल के लिहाज से भी यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत ने कुल 111 मेडल जीते थे, जिसमें 29 गोल्ड शामिल थे। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। शुक्रवार को भारत ने कुल 9 गोल्ड मेडल अपने नाम किए।





बैडमिंटन : तीन स्वर्ण सहित जीते 16 पदक

भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैंपियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 और एसएल4 में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल3. एसयू6 में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को 30 मिनट तक चले मुकाबले में हराया। 31 वर्ष के नितेश ने 38 वर्ष के प्रमोद भगत को हराया। वहीं 2018 और 2022 में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला।नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू6 में रजत पदक भी मिला। उन्हें फाइनल में इंडोनेशिया के लीनी रात्रि ओकतिला और हिकमत रामदानी ने हराया।



पैरा तीरंदाजी : हरविंदर और विजय को स्वर्ण

हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पैरा रिकर्व पुरूष युगल फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच पहला सेट 35-35 से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट 37-36 से और तीसरा 38-36 से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से 0-6 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

संदीप और हानी को विश्व रिकॉर्ड के साथ गोल्ड



भारत के संदीप और हानी ने क्रमशः पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने 52.28 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। सउदी अरब के नूर अलसाना को 53.13 सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 53.61 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।

5 घंटे का रोमांचक फाइनल, रॉब को हराकर चैंपियन बने आडवाणी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

क्यू खेल के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर करियर का 29वां विश्व खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया कि इस खेल में उनका जलवा अब भी कायम है।

इकतालिस वर्षीय आडवाणी सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे और अंततः उन्होंने पांच घंटे तक चले बेहद रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1906-1206 से शिकस्त दी। आडवाणी और हॉल दोनों के लिए फाइनल काफी अहम था। हॉल इससे पहले पांच बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार खिताब जीतने से चूक गए थे। वहीं आडवाणी की नजरें क्यू खेलों में अपने विश्व खिताबों के बेमिसाल रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर थीं।

डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: पंकज ने जीता 29वां विश्व खिताब



91 के ब्रेक के साथ की फाइनल की शुरुआत

फाइनल की शुरुआत आडवाणी ने 91 के ब्रेक के साथ की। इसके बाद हॉल ने 203 का शानदार ब्रेक बनाकर बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के करीब दो घंटे बाद दोनों खिलाड़ी लगभग बराबरी पर थे। तभी आडवाणी ने एक और शतकीय ब्रेक लगाकर बढ़त बना ली। अगले 30 मिनट तक हॉल ने शानदार बिलियर्ड्स खेलते हुए 331 का ब्रेक बनाया और कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी से 300 से अधिक अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में दो घंटे से भी कम समय बचा था और अंकों का अंतर लगातार बढ़ने के कारण आडवाणी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहे थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी20 आज

सीरीज जीतने गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने 226 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 5 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है।

हाई लेंथ पर गेंदबाजी पर फोकस

दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी20 में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की।'

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका

बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नंबर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नंबर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की, लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई।



न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए 94 रन बनाए थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं भुवनेश्वर

भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में अन्य ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में 40 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि नमन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि श्रृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में 49 रन लुटा दिए। उनकी दो नो-बॉल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था।

मैच का समय : दोपहर 12:30 बजे

खबर संक्षेप

बीसीसीआई जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने अवाना

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज परविंदर अवाना को बीसीसीआई की नवगठित जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवाना ने भारत के लिए 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 62 प्रथम श्रेणी मैच में 191 विकेट हासिल किए। उन्होंने दिल्ली, भारत 'ए' और शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की ओर से खेले थे। संन्यास के बाद अवाना ने कोचिंग की राह अपनाई। उन्होंने दिल्ली की अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 टीम के साथ काम किया। इसके अलावा वह भारत की अंडर-19 टीम के साथ बीसीसीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे।



जनवरी 2028 में ओलंपिक क्रिकेट क्वालीफायर



नई दिल्ली। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफायर जनवरी-फरवरी 2028 में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार महिला और पुरुष दोनों के लिए ओलंपिक क्वालीफायर को वैश्विक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल किया गया है, जिसे आईसीसी ने दुबई में अक्टूबर में हुई बैठकों के बाद अपने सदस्य बोर्डों के साथ साझा किया था। 2029 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 8 से 12 जून तक इंग्लैंड में होगा।इसमें कहा गया है, 'कुल मिलाकर 2027 और 2031 वनडे विश्व कप के बीच पुरुषों की 12, महिलाओं की सात और अडर 19 की पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।'

भारत की जिम्बाब्वे पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला टीम ने श्रीचरणी (23 रन देकर 4 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 100) के तीसरे वनडे शतक और शेफाली वर्मा (नाबाद 64) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे पर 22.5 ओवर रहते 9 विकेट की आसान जीत दर्ज की।

पारी का आगाज करने के लिए भेजी गई प्रतिका ने 96 गेंद की पारी के दौरान 15 चौके लगाए और शेफाली ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (32 रन) आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज रहीं।

भारत ने जिम्बाब्वे की पारी को झकझोरा

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए बिलव्ड बीजा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन इसके बावजूद टीम 200 रन के अंदर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। क्रांति गौड़ (42 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।



महिला वनडे
- प्रतिका ने जड़ा शतक
- शेफाली ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी
- श्रीचरणी ने झटके 4 विकेट

श्रीचरणी के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इससे पहले श्रीचरणी ने 10 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। प्रतिका ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद पिच पर बिना कोई जोखिम लिए बेहतरीन शॉट्स लगाए। आसान पिच और जिम्बाब्वे की कमजोर गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की। हालांकि 16वें ओवर में मंधाना का विकेट गिर गया। वह ओलिंडर चारे की गेंद पर लांग ऑन पर खड़ी बिलव्ड बीजा को कैच थमा कर पवेलियन पहुंची।

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए में भिड़ंत

लिंकन। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे सीनियर टीम के खिलाड़ी भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच शनिवार से शुरू होने वाले पहले चार दिवसीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की अगुवाई में भारत ए टीम बर्ट सटक्लिफ ओवल स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मैच से भारतीय खिलाड़ियों को 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों को समझने का अच्छा मौका मिलेगा। यह टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल और जायसवाल भारतीय टीम में शामिल दो प्रमुख नाम हैं। उनके अलावा देवदत्त पडिक्कल, वाशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप, अंशुल कंबोज और मुकेश कुमार भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम का हिस्सा हैं।



पंत नहीं खेलेंगे मैच

ऋषभ पंत चोट से उबरने के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं, इसलिए वह भारत ए टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ईरानी ट्रॉफी में शेष भारत की कप्तानी करते हुए चोटिल हो गए थे। उनके स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को दौरे के पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया था। तीसरे मैच में पंत की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। कप्तान जुरेल विकेटकीपिंग के विकल्प के तौर पर उपलब्ध हैं।

4 नवंबर से शुरू होगी वनडे श्रृंखला

आकाश दीप भी उन गेंदबाजों में शामिल होंगे, जो लय और मैच फिटनेस हासिल करने की कोशिश करेंगे। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की हालांकि भारत ए की तरफ से सभी तीनों मैच में खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि वह 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला का हिस्सा हैं। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक क्राइस्टचर्च में जबकि तीसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में होगा।

फ्रेंच ओपन

सिंधू ने 39 मिनट में पिन-चियान को दी मात

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली जबकि अश्मिता चालिहा का शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने 9.5 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को 39 मिनट में सीधे गेमों में 21-13, 21-14 से हराया।



सेमीफाइनल में किया प्रवेश

30 साल की मेघना का क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्रप्रदेश की 30 साल की इस खिलाड़ी नवंबर 2022 में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है। मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए 3 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया। इसने मुझे ऐसी यादें और दोस्त दिए हैं, जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगी।'



2016 में किया था डेब्यू

मेघना ने वर्ष 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके छह साल बाद उन्होंने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। उन्होंने दोनों ही प्रारुपों में एक-एक अर्धशतक लगाया है।

एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने 1954 में मिक्स्ड डबल्स में जीता था पदक

72 साल का सूखा खत्म, सेमीफाइनल में हरमीत-यशस्वीनी

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ताशकंद में चल रही एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में इस जोड़ी ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है।

भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जिससे एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में 72 साल बाद भारत के लिए मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले भारत ने इस इवेंट में आखिरी बार 1954 में मिक्स्ड डबल्स में मेडल जीता था। सेमीफाइनल में जगह बनाकर हरमीत और यशस्वीनी ने कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के पार्क गैंगह्योन और ली डेउन को 3-2 से हराया।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान की जोड़ी से

अब सेमीफाइनल में हरमीत और यशस्वीनी का मुकाबला जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हारिमोटो से होगा, जिसमें जीतने वाली जोड़ी फाइनल में अपनी जगह बनाएगी। एक अन्य भारतीय मिक्स्ड जोड़ी, पायस जैन और सिंड्रेला दास मेडल पक्का करने से चूक गई। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन के यी चेन और हुआंग युझेंग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। हरमीत हाल ही में हुए एशियन गेम्स का भी हिस्सा थे, लेकिन जिन तीन इवेंट्स में उन्होंने भाग लिया, उनमें से किसी में भी वह मेडल नहीं जीत सके।



हरमीत ने मेंस डबल्स में लिया था हिस्सा

हरमीत ने सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ मेंस डबल्स इवेंट में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, तीसरे राउंड में उन्हें जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यशस्वीनी भी एशियन गेम्स से खाली हाथ लौटी थीं। वह विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की मिवा हारिमोटो से हार गई थीं।

भारत का सबसे अमीर गांव, बैंकों को करोड़ों का लोन देने की हैसियत रखते हैं यहां के किसान

नई दिल्ली। यह कहानी भारत के एक ऐसे अनोखे गांव की है, जिसकी मेहनत और कामयाबी देखकर आज अमेरिका, चीन और दुबई भी हैरान हैं। जहां देश के कई हिस्सों में किसान कर्ज और पानी की किल्लत से परेशान हैं। वहीं, इस गांव के किसान बैंकों को करोड़ों रुपए का कर्ज देने की हैसियत रखते हैं। इस गांव का नाम है हिवरे बाजार। यह महाराष्ट्र के अहिल्या नगर (अहमदनगर) जिले में बसा है। खेती और डेयरी के सहारे गांव की प्रति व्यक्ति आय ₹9 लाख सालाना तक पहुंच चुकी है।



पानी का बजट और 'सात सूत्र' की क्रांति

हिवरे बाजार ने सरकार या किसी मसीहा का इंतजार नहीं किया। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी कमजोरी यानी 'पानी की कमी' को ही अपनी सबसे बड़ी ताकत बना लिया। गांव ने पानी बचाने और उसे सही तरीके से बांटने के लिए वॉटर बजटिंग यानी पानी का बजट शुरू किया। गांव को बदलने के लिए सात गोल्डन रूल (नियम) लागू किए गए।

9 लाख रुपए सलाना कमाता है हर ग्रामीण

हिवरे बाजार की यह अद्भुत सफलता किसी बड़ी फैक्ट्री या आईटी कंपनी की वजह से नहीं, बल्कि एकजुटता, अनुशासन और पानी के सही प्रबंधन से आई है। साल 1992 में जहां यहां प्रति व्यक्ति आय 800 रुपए से भी कम थी, आज वह बढ़कर 9 लाख रुपए सालाना तक पहुंच चुकी है। यह मॉडल साबित करता है कि अगर गांव के लोग ठान लें, तो आत्मनिर्भरता का सपना सच होने में देर नहीं लगती।

सूखे की मार से खुशहाली का सफर

90 के दशक में इस गांव की तस्वीर आज से बिल्कुल जुदा थी। हिवरे बाजार देश के सबसे सूखाग्रस्त इलाकों में गिना जाता था। पथरीली जमीन, सालाना सिर्फ 200-300 मिलीमीटर बारिश और पीने के पानी की भारी किल्लत। हालात इतने बदतर थे कि करीब 80% लोग गांव छोड़कर पलायन कर चुके थे. घरों में गरीबी, बेरोजगारी, आपसी झगड़े और नशे का बोलबाला था। तभी साल 1989 में गांव की तकदीर ने करवट ली। युवा पोपटराव पवार गांव के सरपंच बने। उन्होंने 26 जनवरी 1990 को ग्राम सभा बुलाई, जहां पूरे गांव ने मिलकर अपनी समस्याओं का हल खुद खोजने की कसम खाई।

जलने के बाद
पुनःनिर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

बोली- धामी जी सड़क बनवा दो

लहंगे में 4 घंटे में 18 किमी पैदल चलकर दुल्हन पहुंची ससुराल

देहरादून। गृह प्रवेश का शुभ मुहूर्त बचाने के लिए एक दुल्हन को अपनी ही शादी में भारी लहंगे में दौड़ लगानी पड़ी। मामला उत्तराखंड के चकराता ब्लॉक का है, जहां आजादी के दशकों बाद भी उदावा गांव तक सड़क नहीं बन पाई है। बुल्हाड़ गांव से विदा होकर आई दुल्हन शर्मिला को लोखंडी से



ससुराल तक 18 किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ा। थका देने वाले इस पहाड़ी रास्ते पर समय से पहुंचने के लिए दुल्हन भागती हुई नजर आई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल वीडियो में दुल्हन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गांव में सड़क बनाने की मांग की है। यह कहानी है शर्मिला की, जिनकी शादी उदावा गांव के अनिल चौहान से तय हुई थी।

बवासीर PILES
खूनी मस्से, खून का गिरना, दर्द, खुजली, जलन, बैठने में परेशानी, कब्ज और मल विसर्जन में मदद करे बवासीर के लिए जौली बवासीर
JOLLY
वासीर
कैप्सूल व जैल
WITH EASY APPLICATOR
अच्छे मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध
Helpline: 98143-30500
JOLLYorganic.com

39 साल से नहीं कटाई मूंछें, लंबाई पहुंची डेढ़ मीटर, हर महीने करते है 1,000 रुपए खर्च

जौनपुर। किसी को लंबे बाल रखने का शौक होता है, तो कोई अपनी दाढ़ी को अलग अंदाज में रखता है। लेकिन, सिंधोरा काशी के रहने वाले राका का शौक सबसे अलग है। उनकी मूंछें करीब डेढ़ मीटर लंबी हैं और उन्होंने पिछले 39 साल से इन्हें नहीं कटवाया है। इतनी लंबी मूंछों को संभालकर रखना आसान नहीं है, लेकिन राका को इनसे खास लगाव है। यही वजह है कि वह रोज इनकी देखभाल करते हैं और इस पर हर महीने करीब एक हजार रुपए तक खर्च करते हैं।



Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NAVA RAIPUR ATAL NAGAR
विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह
के अवसर पर
बाल्को मेडिकल सेंटर के साथ जुड़ें, अपनी साइकिलें और इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ (EVs) लेकर आएँ, और जागरूकता फैलाने व समय पर कैंसर की पहचान के लिए प्रेरित करने हेतु इस अभियान में साथ चलें।
RIDE FOR 'A' CAUSE
BMC साइक्लोथॉन - 26
शर्म छोड़ो, गांठों पे बोलो
25 अक्टूबर 2026, रविवार, सुबह 6:00 बजे से
मरीन ड्राइव, रायपुर
Powered By MANORAMA INDUSTRIES LIMITED
Scan QR to Register
पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रतिभागियों को उपलब्ध*
टी-शर्ट
पेयजल एवं मार्ग सहायता
नाश्ता
अपनी 3D मैमोग्राफी जाँच बिल्कुल मुफ़्त करवाएँ*
31 दिसंबर 2026 तक मान्य
24 अक्टूबर 2026 को स्तन कैंसर की जाँच हेतु निःशुल्क* पंजीकरण
23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को निःशुल्क* OPD परामर्श
नियम एवं शर्तें लागू*
Radio Partner
Supported By
किसी भी जानकारी या सहायता के लिए, कृपया 828282 4444 पर कॉल करें

Hero
हीरो संग त्योहार है हर कहीं...
खुशियों भरा त्योहार
Splendor+ XTEC
HF-Deluxe
सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं®
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000^ तक
SBI card HDFC BANK pine labs
कम डाउन पेमेंट ₹6999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on: Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. ®Limited period offer, T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018
अधिकृत डीलर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, जय हीरो 9289922357, सत्योम हीरो 9289922525, राहुल हीरो 9289922834, वत्स हीरो 9289922623. अग्रवाल हीरो 9289922959, श्री राम हीरो 9289922968, श्री सांई हीरो 9289922835, सरस्वती हीरो 9289922958, विजयपाल हीरो 9289923064, जय विजय हीरो 9289922990, लक्ष्मी हीरो 9289922983, कुशल हीरो 9289923052, इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, ललित सर्विसेज़ 8770383767, ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, किरण मोटर्स 9754069392, गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, विक्की मोटर्स: 9755583102, शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, अंकित ऑटो: 9425240565, श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स 9977280000, अग्रवाल मोटर्स 9424212141, बंसल ऑटो 9425513611, युवराज मोटर्स 8085160380, आरसन मोटर्स 9340335266, हर्ष ऑटो 8109502100, दिव्या ऑटो 9893492107, प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, गुरुनानक ऑटो 9425596290, साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, किरन ऑटोकेयर 9754069392, राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, कान्हा मोटर्स 6260472025, बजरंग मोटर्स 9425511973, जैन ऑटोकेयर 9425563502, माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, भारत मोटर्स 9993417123, अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, महावीर मोटर्स, 8109100019, शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, अंशू ऑटो, 9406054292, रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, दिलीप मोटर्स, 7869151152, आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, संस्कार मोटर्स, 9406203600, दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अमर मोटर्स, 9827969901, साई मोटर्स, 9754329434, राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, जी वी मोटर्स, 7566666243, श्रीराम ऑटो, 6260060443, माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) आरसन हीरो 9285052266, इंडियन हीरो 9289922355, लक्ष्मी हीरो 9289922983.
Cheil 33547/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com